सुविचार
वीर कभी बड़े मौकों का इंतजार नहीं करते, छोटे मौकों को ही बड़ा बना देते हैं।
सरदार पूर्णसिंह

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Sunday, 02 July 2023 ● Year : 01 ● Issue : 166 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com


08
फिल्म गदर 2 को लेकर सुर्खियों में अमीषा

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 64,718.56 |
| निफ्टी | : | 19,189.05 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,560 |
| चांदी | : | 75.07 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

## BRIEF NEWS

### चेक बाउंस केस : रांझा विक्रम सिंह पहुंचे रांची सिविल कोर्ट

**RANCHI :** बॉलीवुड एक्टर रांझा विक्रम सिंह के खिलाफ दर्ज चेक बाउंस मामले की सुनवाई शनिवार को रांची सिविल कोर्ट स्थित मध्यस्था केंद्र में हुई। मध्यस्थता केंद्र में शिकायतकर्ता और एक्टर रांझा विक्रम सिंह को बैठाकर सुलह और समझौता की पेशकश की गयी। हालांकि इस मध्यस्थता में कोई निर्णय नहीं निकला। लेकिन मध्यस्थों को यह उम्मीद है कि दोनों पक्ष सुलह कर सकते हैं। एक्टर रांझा विक्रम सिंह बॉलीवुड के अलावा कई तेलगु और पंजाबी फिल्मों में भी काम कर चुके हैं। बॉलीवुड की हिट फिल्म हीरोपंती में इन्होंने विलेन का किरदार निभाया था। शिकायतकर्ता निलोय कुमार झा के मुताबिक, रांझा विक्रम सिंह ने बॉलीवुड फिल्म फौजी कॉलिंग बनाने के नाम पर दो करोड़ 6 लाख रुपया लिया था। पैसे की लेनदेन साल 2019 में हुई थी। पैसे की मांग करने पर रांझा विक्रम सिंह ने 1 करोड़ का चेक शिकायतकर्ता को दिया था जो बाउंस हो गया किया। जिसके बाद साल 2021 में शिकायतकर्ता ने एक्टर के खिलाफ चेक बाउंस का मामला दर्ज कराया था। अदालत से एक्टर को समन जारी हुआ था। साल 2022 में एक्टर रांझा विक्रम सिंह ने अग्रिम जमानत ली है।

### टीजीटी के द्वितीय चरण में चयनित अभ्यर्थियों ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**RANCHI :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा टीजीटी भर्ती के द्वितीय चरण में चयनित अभ्यर्थियों ने सरकार से नियुक्ति पत्र वितरण करने की गुहार लगाई है। आश्वासन के बाद भी अब तक नियुक्ति पत्र नहीं मिलने से अभ्यर्थी परेशान हैं। अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा है। सौंपे ज्ञापन में आशुतोष शुक्ल सहित अन्य अभ्यर्थियों ने लिखा है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने टीजीटी भर्ती 2016 का आयोजन कराया था। सुप्रीम कोर्ट में मामला निस्तारित होने के बाद 19 मई, 2023 को रांची में कई सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया, जो सरकार की रोजगार नीति को दशार्ता है। अभ्यर्थियों ने लिखा है कि मुख्यमंत्री ने स्वयं बची सीटों पर द्वितीय बैच में नियुक्ति का आश्वासन जून में देने की बात कही थी। जून माह बीत जाने के बाद भी अभी तक नियुक्ति के लिए किसी कार्यक्रम की घोषणा शिक्षा विभाग द्वारा जारी नहीं की गयी है।

# जगरनाथ महतो की पत्नी बनेंगी MINISTER

## बेबी देवी कल लेंगी मंत्री पद की शपथ

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी झारखंड सरकार में मंत्री बनेंगी। सूत्रों की मानें तो जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को मंत्री पद मिलना तय हो गया है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उन्हें कौन सा विभाग सौंपा जाएगा। जानकारी के अनुसार दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी तीन जुलाई को मंत्री पद की शपथ लेंगी।

बता दें कि झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री दिवंगत जगरनाथ महतो के निधन के बाद से ही कयास लगाए जा रहे थे कि उनके परिवार से किसी को मंत्री पद दिया जा सकता है लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया था कि पद उनकी पत्नी बेबी देवी को दिया जाएगा या अखिलेश महतो को। लेकिन अब इन कायसों पर पूरी तरह से विराम लग चुका है और खबर सामने निकलकर आ रही है कि सोमवार यानि 3 जुलाई को बेबी देवी राजभवन में मंत्री पद की शपथ लेंगी। हालांकि, इससे संबंधित अभी तक कोई आधिकारिक सूचना जारी नहीं हुई है। इससे पहले जून महीने के दूसरे सप्ताह में बेबी देवी ने जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन से मुलाकात की थी। साथ ही उन्हें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात की थी।


दिशोम गुरु शिबू सोरेन के साथ बेबी देवी ● फाइल फोटो

## बीज घोटाले में भोक्ता ने कोर्ट में पेश किए साक्ष्य

**RANCHI :** बीज घोटाला केस के अभियुक्त तत्कालीन कृषि मंत्री और वर्तमान श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता के डिस्चार्ज पिटीशन पर आज शनिवार को एसीबी की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। खुद पर लगे आरोप के बचाव में मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अदालत में साक्ष्य प्रस्तुत किया। उन्होंने आरटीआई से मिले दस्तावेज साक्ष्य के रूप में अदालत में प्रस्तुत किये। जिसके बाद अदालत ने डिस्चार्ज पिटिशन पर अगली सुनवाई के लिए 11 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है।

बता दें कि बीज घोटाला मामला साल 2003 से 2005 के बीच का है। एसीबी ने अपनी जांच में पाया था कि यह घोटाला 46.10 करोड़ रुपये का है। साल 2009 में आरोपियों के खिलाफ निगरानी थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। जिसमें तत्कालीन कृषि मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व मंत्री नलिन सोरेन, तत्कालीन कृषि सचिव वी जयराम और निस्तार मिंज समेत अन्य को आरोपी बनाया गया है।



# चेशायर होम भूमि मामले में कोलकाता की डीड भी निकली फर्जी, FIR दर्ज

**CRIME REPORTER RANCHI :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच के लिए भेजे गए 36 भूखंडों के दस्तावेज फर्जी पाए जाने के बाद कोलकाता रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस ने शुक्रवार को एफआईआर दर्ज करवाई है। ईडी की जांच में जिन भूखंडों के दस्तावेज फर्जी पाए गए हैं, उसमें चेशायर होम रोड की भूमि से संबंधित डीड का भी जिक्र है। इसकी डीड संख्या 184, बुक संख्या 1, वॉल्यूम नंबर 24 और पेज नंबर 11 से लेकर 14 तक है। दरअसल चेशायर होम रोड की लगभग एक एकड़ से ज्यादा भूमि की खरीद-बिक्री जिन दस्तावेजों के सहारे की गई है, वह शुरूआत से ही सवालों के घेरे में है। चेशायर होम रोड की भूमि का पहला दावेदार उमेश गोप खुद को बताते हैं। खतियान में भी उमेश गोप के पूर्वजों का ही नाम दर्ज है। दूसरे दावेदार के रूप में लखन सिंह का नाम सामने आता है। जानकारी के मुताबिक लखन सिंह के नाम से बने दस्तावेज भी कलकत्ता के रिकॉर्ड रूम में मौजूद है, जो संदेहास्पद है। तीसरे दावेदार हैं राजेश राय, जिनके पिता हैं जगदीश राय। पुनीत भार्गव को इनके द्वारा ही जमीन की रजिस्ट्री की गई है। पुनीत भार्गव ने जमीन खरीदने के बाद दूसरे को रजिस्ट्री कर दी। कोलकाता रजिस्ट्रार ने 36 भूमि के दस्तावेजों की वास्तविकता की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया था। समिति ने जांच के बाद सभी दस्तावेजों को जाली पाया है, जिसके बाद रजिस्ट्रार ने कोलकाता में अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। ईडी ने रांची में करोड़ों रुपये से ज्यादा के लैंड स्कैम में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश और कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल सहित अन्य को गिरफ्तार किया है। लैंड स्कैम की अब तक की जांच में ईडी शहर के चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल और झारखंड हाईकोर्ट के वकील हिमांशु मेहता से भी पूछताछ कर चुकी है।



### अवैध खनन मामले में कृष्णा साहा को ED का समन

**RANCHI :** साहिबगंज जिले के बरहड़वा के पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा को ईडी ने शनिवार को समन भेजा है। कृष्णा साहा को पांच जुलाई को ईडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है। गौरतलब है कि आठ जुलाई 2022 को ईडी की टीम ने अवैध खनन मामले में साहिबगंज के बरहड़वा में चार पत्थर व्यवसायियों के यहां एक साथ छापेमारी की थी।

**15 लोगों के ठिकाने पर ईडी ने की थी छापेमारी**

1. **पंकज मिश्रा** : बरहेट विधायक हेमंत सोरेन के प्रतिनिधि, साहिबगंज
2. **दाहू यादव** : जहाज संचालक के घर व होटल, साहिबगंज
3. **छोटू यादव** : पत्थर कारोबारी, साहिबगंज
4. **बेदू खुडानिया** : पत्थर कारोबारी, साहिबगंज
5. **संजय दिवान** : स्वर्ण व्यवसायी, साहिबगंज
6. **टिंकल भगत** : पत्थर कारोबारी, मिजाचौकी
7. **पतरू सिंह** : पत्थर कारोबारी, मिजाचौकी
8. **राजीव कुमार** : पत्थर कारोबारी, मिजाचौकी
9. **निमाय सील** : अनाज कारोबारी, बरहेट
10. **भगवान भगत** : पत्थर कारोबारी, बरहड़वा
11. **भावेश भगत** : पत्थर कारोबारी, बरहड़वा
12. **कृष्णा साहा** : पत्थर कारोबारी, बरहड़वा
13. **सुब्रतो पाल** : पत्थर कारोबारी, बरहड़वा
14. **सोनू सिंह** : पत्थर कारोबारी, राजमहल
15. **कन्हैया खुडानिया** : पत्थर कारोबारी, साहिबगंज

# कांग्रेस की गारंटी मतलब नीयत में खोट : प्रधानमंत्री

## शहडोल की सभा में बोले मोदी- झूठी गारंटी के धोखे को पहचानें


कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ● एजेंसी

### 70 साल सरकारों ने आदिवासियों की चिंता ही नहीं की : पीएम

मोदी ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया जैसी बीमारी बहुत कष्टदायी होती है। इसके मरीजों के जोड़ों में हमेशा दर्द रहता है। शरीर में सूजन, थकावट रहती है। पीठ, पैर और सीने में असहनीय दर्द महसूस होता है। सांस फूलती है। लंबे समय तक दर्द सहने वाले मरीज के शरीर के अंदरुनी अंग भी क्षतिग्रस्त होने लगते हैं। यह बीमारी परिवारों को भी बिखेर देती है। यह बीमारी न हवा से होती है और न पानी से। यह न भोजन से फैलती है, बल्कि माता-पिता से ही बच्चे में आ सकती है। जो बच्चे इस बीमारी के साथ जन्म लेते हैं, वह पूरी जिंदगी इससे जूझते रहते हैं। पूरी दुनिया में इसके जितने मामले हैं, उनमें से आधे अकेले हमारे देश में होते हैं। दुर्भाग्य है कि 70 साल में कभी इसकी चिंता नहीं हुई। इससे निपटने के लिए कोई ठोस प्लान नहीं बनाया गया।

**AGENCY SHAHDOL :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहडोल जिले के पकारिया में आदिवासी समुदाय के नेताओं, स्वसहायता समूहों और पेसा कमेटी के नेताओं के साथ-साथ पकारिया गांव के फुटबॉल क्लबों के कप्तानों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की ओर से जनजातीय समाज के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही आदिवासियों की चिंताओं को हर स्तर पर दूर करने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि झूठी गारंटी देने वालों से सावधान रहना है। जिन लोगों की अपनी कोई गारंटी नहीं है, वह लोग आपके पास गारंटी वाली नई-नई स्कीम ला रहे हैं। उनकी गारंटी में छिपे खोट को पहचान लीजिए। झूठी गारंटी के नाम पर उनके धोखे के खेल को भांप लीजिए। जब मुफ्त बिजली की गारंटी देते हैं तो इसकी गारंटी है कि बिजली के दाम बढ़ाने वाले हैं। मुफ्त सफर की गारंटी देते हैं तो इसका मतलब है कि यातायात व्यवस्था चौपट होने वाली है। पेंशन की गारंटी देते हैं तो तय है कि समय पर वेतन भी नहीं मिलेगा। सस्ता पेट्रोल देने की गारंटी देते हैं तो इसका मतलब है कि टैक्स बढ़ाकर ने वाले हैं। इनकी रोजगार बढ़ाने की गारंटी देते हैं तो इसका मतलब है कि उद्योग-धंधे चौपट होने वाले हैं। कांग्रेस जैसी पार्टियों की गारंटी यानी नीयत में खोट गरीब पर चोट। वह लोग 70 साल से गरीब को भरपेट भोजन दे नहीं सके। लेकिन यह प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन की गारंटी देता है। वह 70 साल में गरीबों को सस्ती स्वास्थ्य सेवा नहीं दे सके लेकिन हमने आयुष्मान कार्ड देकर स्वास्थ्य बीमा दिया है।

### महाराष्ट्र में डिवाइडर से टकराई बस, आग लगी, 25 की मौत

**MUMBAI :** महाराष्ट्र के बुलढाणा में शुक्रवार देर रात एक बस हादसा हो गया। नागपुर से पुणे जा रही बस खंभे से टकराकर डिवाइडर पर चढ़ गई और पलट गई, जिससे उसमें आग लग गई। बस में 33 लोग सवार थे, जिसमें 25 की जलने से मौके पर मौत हो गई। इनमें 3 बच्चे भी शामिल हैं। 8 लोगों ने बस की खिड़की का शीशा तोड़कर जान बचाई। हादसा रात करीब 1.30 बजे बुलढाणा जिले के सिंदखेड़ाराजा के पास पिंपलखुटा गांव के पास समृद्धि महामार्ग एक्सप्रेसवे पर हुआ। बुलढाणा एसपी सुनील कड़ासेन ने बताया, हादसे में बस का ड्राइवर बच गया है। उसने बताया कि टायर फटने के बाद हादसा हुआ और बस में आग लग गई। बाद में बस के डीजल टैंक ने आग पकड़ ली, जिससे आग फैल गई। बस में करीब 33 यात्री सफर कर रहे थे। ज्यादातर की मौत जलने से हुई। महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने बताया कि पुलिस ने बस ड्राइवर और कंडक्टर को हिरासत में ले लिया है। उधर, नासिक में कार और एक वाहन की टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ड्राइवर ने बस पर संतुलन खो दिया था।

## धनबाद हिंसक झड़प में 34 लोग हुए गिरफ्तार

● इलाके में पसरा सन्नाटा, धारा 144 लागू की गई

**PHOTON NEWS DHANBAD :** धनबाद जिले के कतरास में शुक्रवार को टोटो की बैटरी का चार्जर चोरी होने के बाद छाताबाद केलूडीह खटाल में दो पक्षों के बीच हुए हिंसक झड़प के बाद शनिवार को घटनास्थल पर सन्नाटा पसरा हुआ है। मुख्यालय से आयी फोर्स के साथ बाघमारा अनुमंडल पुलिस के जवान तैनात है। पुलिसिया की कार्रवाई से दोनों पक्षों के लोग सकते में है। शुक्रवार की देर शाम से लेकर देर रात तक दोनों पक्षो से 34 लोगों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। प्रशासन अपने तरफ से कांड अंकित कर लिया है। धारा 144 लागू होने के बाद पूरे इलाके में लोग कम ही नजर आ रहे है। दोनों पक्षों के लोग पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिये भागे-भागे फिर रहे है। दोनों पक्षो में तनाव कायम है।

### गुमला में पीएलएफआई के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**GUMLA :** गुमला पुलिस ने डुमरीघाटी जंगल से पीएलएफआई के तीन उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादी के पास से एके-47 की 3 गोली, .315 बोर का तीन लोडेड देशी रायफल और .315 बोर का 12 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तार उग्रवादी में अनिल उरांव उर्फ कुटू, मंजित प्रधान उर्फ गुड्डू और गुड्डू सिंह का नाम शामिल है। तीनों आरोपी गुमला जिले का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक बीते शुक्रवार को सूचना मिली थी कि पीएलएफआई के उग्रवादी हथियार के साथ जंगल मे छूपकर किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे है। इसी सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर तीनों उग्रवादियों गिरफ्तार कर लिया।

## चार दिन तक चढ़ेगा पारा, फिर होगी बारिश

### झारखंड में थोड़ा कमजोर पड़ा मानसून, यलो अलर्ट जारी

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य में चार दिनों तक मानसून की बारिश जमकर हुई। अब मानसून थोड़ा कमजोर हुआ है। अगले चार दिनों तक तापमान में बढ़ोतरी होगी। शनिवार सुबह से ही आसमान साफ है और धूप खिली हुई है। रांची स्थित मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि मौसम में परिवर्तन, हवा और उमस का मिलाजुला असर देखने को मिलेगा। गर्मी थोड़ी बढ़ेगी। इसके बाद से चार जुलाई से फिर बारिश का पूर्वानुमान लगाया गया है। चार जुलाई से राज्य में मानसून फिर सक्रिय होगा। इसके बाद से बारिश होगी। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि तीन जुलाई को झारखंड के उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है। मानसून की बारिश के पहले चरण में संथाल परगना में जमकर बारिश हुई है। पिछले 24 घंटे में अगर कहीं बारिश हुई है तो वह संथाल परगना का क्षेत्र ही है। मौसम विभाग के मुताबिक अब मानसून अब चार जुलाई के बाद सक्रिय होगा। हालांकि, राजधानी समेत राज्य में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है लेकिन अगले 24 घंटों के दौरान राज्य में मानसून कुछ शिथिल हो सकता है। चार जुलाई के बाद यह फिर सक्रिय होगा और पूरे राज्य में झमाझम बारिश होगी। आंकड़ों के मुताबिक सबसे अधिक बारिश साहिबगंज में हुई। यहां 110.0 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गयी है।

### राज्य के स्कूलों में कक्षाएं चलने लगीं सुबह नौ से 3 तक

एक जुलाई शनिवार से सरकारी स्कूलों की समय-सारिणी में बदलाव किया गया। कई प्राइवेट स्कूलों ने भी अपनी समय सारणी बदल दी है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के आदर्श दिनचर्या के अनुसार एक जुलाई से स्कूलों में कक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित होंगी। प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 8.45 बजे विद्यालय प्रबंधन द्वारा लंबी घंटी लगायी जाएगी। प्रात:कालीन प्रार्थना सभा व अन्य गतिविधियां सुबह 9 से 9.15 बजे तक होगी।

**चार जुलाई से शुरू होने वाले देवघर श्रावणी मेले की तैयारी अंतिम चरण में**

# बाबानगरी में बनाए गए 15 NO ENTRY ZONE

**PHOTON NEWS DEOGHAR :** चार जुलाई से शुरू हो रहे श्रावणी मेला के दौरान बाबानगरी में 15 नो एंट्री जोन घोषित किये गये हैं। नो-एंट्री जोन में ऑटो व टोटो (ई-रिक्शा) को भी चलने नहीं दिया जायेगा। नो-एंट्री जोन में जिला प्रशासन द्वारा निर्गत पास वाले वाहन ही चल सकेंगे। वहीं, बिना पास वाली गाड़ियों में इमरजेंसी सेवा वाले वाहन जैसे अग्निशमन, तेल टैंकर, पानी टैंकर, एंबुलेंस व पीसीआर आदि के चलने की अनुमति रहेगी। साथ ही, चिह्नित स्थलों के अलावे अन्यत्र पार्किंग करने पर गाड़ियों से फाइन भी वसूला जायेगा। इसके अलावे श्रद्धालुओं की गाड़ियों के लिए चार वाहन पड़ाव बनाये गये हैं। देवघर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि श्रावणी मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार असुविधा न हो इसके मद्देनजर शहर में 15 नो एंट्री जोन चिह्नित घोषित किया गया है। श्रद्धालुओं के बड़े वाहनों का शहर में प्रवेश निषेध रहेगा। सभी गाड़ियों के लिए झरना चौक, मंदिर मोड़ से शहीद आश्रम रोड तक जाने के लिए वन-वे होगा। इस वन-वे का प्रयोग बसें नहीं करेंगी। बैजनाथपुर मोड़ की तरफ से आने वाली स्कूल बस, शव वाहन, एंबुलेंस, बाईक, रिक्शा, ठेला, सरकारी वाहनों को छोड़कर सभी गाड़ियां शहीद आश्रम से बायें मुड़कर कुंडा होते हुए आगे जायेगी। दुमका से देवघर आने वाली बस हिंडोलावरन से तपोवन होते हुए चरकीपहाड़ी से कुंडा मोड़ व बस स्टैंड जायेगी। गोड्डा से देवघर आने वाली बसें चौपा मोड़ से बायें मुड़कर हिंडोलावरन, चरकीपहाड़ी, कुंडा मोड़ होते हुए बस स्टैंड जायेंगीं। देवघर बस स्टैंड से खुलने वाली बसें गोड्डा-दुमका जाने के लिए कुंडा शहीद आश्रम रोड, बैजनाथपुर होते हुए जायेंगीं। गिरिडीह और जसीडीह जाने वाली बसें पुराना कुंडा थाना मोड़, कोरियासा बाइपास, परमेश्वर चौक होकर जायेंगी।गिरिडीह व जसीडीह द्वारा देवघर जाने वाली बसें रोहिणी मोड़, रोहिणी, परमेश्वर चौक, कोरियासा बाइपास, सारवां मोड़ होते हुए बस स्टैंड तक जायेंगीं। जसीडीह-देवघर रूट की ऑटो रिक्शा थाना मोड़ से अंदर जाकर नेताजी रोड साइबर थाना के आगे जायेंगी।साइबर थाना के आगे एलआइसी ऑफिस तक सड़क के किनारे बायीं ओर पार्क होगी व एलआइसी मोड़ से निकलकर जसीडीह तक जायेगी। मोहनपुर-देवघर रोड की ऑटो व मैक्सी अपने निर्धारित स्टैंड पानी टंकी के समीप व ट्रेकर स्टैंड से खुलकर मंदिर मोड़ होते मोहनपुर जायेगी।


फाइल फोटो

### अमरनाथ यात्रा शुरू अबतक तीन लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन

**BALTAL :** 62 दिन की अमरनाथ यात्रा शनिवार से शुरू हो गई। पवित्र गुफा मंदिर की पहली तस्वीर भी सामने आई है। आज सुबह मंत्रोच्चार के साथ आरती की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे। तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे ने गुफा मंदिर की ओर अपनी यात्रा शुरू कर दी है। यात्रा 31 अगस्त को खत्म होगी। पहले दिन जम्मू कश्मीर के गांदरबल में बालटाल आधार शिविर से तीर्थयात्रियों का पहला जत्था रवाना हुआ। यात्रा को गांदरबल के डिप्टी कमिश्नर श्यामबीर ने श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तीर्थयात्री आधार शिविर से दक्षिण कश्मीर में पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर तक 12 किलोमीटर की यात्रा करेंगे।

# फ्रांस में हिंसा : दंगाइयों ने 2000 कारें जलाईं


**AGENCY PARIS :** फ्रांस में 17 साल के लड़के नाहेल की हत्या के बाद चौथे दिन भी हिंसा जारी रही। इस बीच राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ब्रिटिश सिंगर एल्टन जॉन के कॉन्सर्ट में एन्जॉय करने का वीडियो सामने आने के बाद उनकी आलोचना हो रही है। लोग नाराज हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने इसे राष्ट्रपति का गैर-जिम्मेदाराना रवैया बताया। एजेंसी के मुताबिक, बुधवार को पेरिस में एल्टन का एक कॉन्सर्ट था। मैक्रों अपनी पत्नी के साथ नजर आ आए। एल्टन के पति ने मैक्रों के साथ बैकस्टेज ली गई एक फोटो भी पोस्ट की। उधर, फ्रांस में फैली हिंसा बेल्जियम तक पहुंच गई है। देशभर में प्रदर्शनकारियों ने 2 हजार कारें जला दीं। पुलिस ने चौथे दिन 1000 दंगाईयों को गिरफ्तार किया है। रॉयटर्स के मुताबिक, हालात काबू में करने के लिए 45 हजार पुलिसकर्मियों के साथ बख्तरबंद गाड़ियों को सड़कों पर तैनात कर दिया गया है। उधर, नाहेल की मां ने बताया कि बेटे का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। शुक्रवार को क्राइसिस मीटिंग के बाद फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बॉर्न ने देश में इमरजेंसी घोषित होने की भी आशंका जताई। फ्रांस 24 के मुताबिक, एलिजाबेथ ने कहा- हमारी प्राथमिकता देश में शांति स्थापित करना है। इसके लिए हम हर जरूरी कदम उठाने को तैयार हैं।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Sunday, 02 July 2023

# DC ने निर्माणाधीन मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण, जल्द संचालन का दिया निर्देश



निर्माणाधीन मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण करती उपायुक्त। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH :** शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने मांडू प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने डीएमएफटी के तहत सांडी एवं पुण्डी पंचायत में निर्माणाधीन मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र में अब तक हो चुके कार्यों एवं अंतिम चरण के कार्यों का जायजा लेने के क्रम में जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने एवं मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन शुरू करने के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू, अंचल अधिकारी मांडू, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मांडू, डीएमएफटी टीम के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

गौरतलब हो कि बच्चों को जीवन की शुरूआत से ही विकास की दिशा में आगे बढ़ने के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा डीएमएफटी के माध्यम से अलग-अलग प्रखंडों में कुल 14 नए मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है। कार्य अंतिम चरण में है एवं जल्द ही महिलाओं व बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्र उपलब्ध होगा। मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों में वर्तमान समय की जरूरतों के हिसाब से तमाम सुविधाएं

## रामगढ़ : पल्स पोलियो अभियान 2023 के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**RAMGARH :** रामगढ़ जिला अंतर्गत 5 साल तक के शत प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के मद्देनजर उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा द्वारा द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिला शिक्षा अधीक्षक श्री संजीत कुमार के निर्देश पर शनिवार को जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



पल्स पेलियो अभियान में शामिल बच्चे। ● द फोटोन न्यूज

इस दौरान कई सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के माध्यम से सभी विद्यार्थियों ने ग्रामीणों व अन्य लोगों को पोलियो की खुराक के महत्व एवं 2 जुलाई से 4 जुलाई तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान के प्रति जागरूक किया गया वहीं सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा बच्चों को पल्स पोलियो अभियान के प्रति जागरूक किया गया।

शिक्षकों द्वारा सभी बच्चों को 2 जुलाई से 4 जुलाई तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान के संबंध में जानकारी देने के क्रम में बच्चों से अपने अभिभावकों एवं आसपास के अन्य लोगों को पल्स पोलियो अभियान के प्रति जानकारी देने की अपील की गई।

गौरतलब हो कि पल्स पोलियो अभियान 2 जुलाई से 4 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान 2 जुलाई को अभिभावक बूथ पर जाकर अपने बच्चों को पोलियो की खुराक पिला सकते हैं वही 3 एवं 4 जुलाई को सहिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया जाएगा।

# सयाल उतरी पंचायत की मुखिया व पूर्व मुखिया ने सैकड़ों समर्थकों के साथ थामा झामुमो का दामन

## हेमंत सरकार सभी वर्गों के हितों का रखती है खयाल : संजीव बेदिया

**PHOTON NEWS RAMGARH :** झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को सयाल डी अंबेडकर भवन में मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया व संचालन उदय अग्रवाल ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया उपस्थित थे। कार्यक्रम में अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ सयाल उतरी पंचायत की मुखिया आशा देवी और पूर्व मुखिया सत्येंद्र यादव ने झामुमो का दामन थामां। इन सभी को मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने फूल माला और अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।



नये सदस्यों के साथ मुख्य अतिथि संजीव बेदिया व झामुमो के लोग। ● द फोटोन न्यूज

मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि हेमंत सरकार जन-जन की समस्याओं से अवगत होकर जन कल्याणकारी योजनाओं को नित्य प्रतिदिन लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन अब तक के सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री बनकर राज्य ही नहीं देश में भी अपनी गरिमा स्थापित किए हैं। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विकास की किरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए हर संभव कार्य किया जा रहा है।

श्री बेदिया ने कहा कि सही मायने में अभी झारखंड के माटी पुत्र हेमंत सोरेन के हाथ में सरकार है। यह सरकार सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखते हुए जन समस्याओं का निदान करती है। साथ ही सबों को एक समान मान-सम्मान भी देती है। संजीव बेदिया ने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि संघर्ष किसी को भी कहीं-कहीं पहुंचा सकता है। सही मायने में संघर्ष ही सही मुकाम दिलाता है। मौके पर हरिलाल बेदिया, संजय वर्मा, उदय मालाकार, मुकेश राउत, लव कुमार महतो, बीरेंद्र यादव, अनिल एक्का, बीड़ी सिंह, टिंकू बेदिया, रोशन कुमार, संजय गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, विनय यादव, प्रबुद्ध कुमार, गोपी पांडेय, गौरी देवी, पूजन यादव, रामवृक्ष यादव, उपेंद्र सिन्हा, कालीचरण करमाली, इस्लाम अंसारी, महावीर प्रसाद, मंजू लता, आशा देवी, सीता देवी, मालती देवी, जयंती देवी सहित दर्जनों महिला-पुरूष मौजूद थें।

**आंदोलन की उपज है झामुमो :** पार्टी का दामन थामने के बाद पूर्व मुखिया सत्येंद्र यादव ने कहा कि झामुमो आंदोलन की उपज है। संघर्ष व आंदोलन के लिए ही झामुमो जाना जाता है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के तहत मैंने अपने समर्थकों के साथ लोगों को न्याय दिलाने के लिए झामुमो से जुड़ा हूं।

**इन लोगों ने थामा झामुमो का दामन :** सयाल उतरी की मुखिया आशा देवी व पूर्व मुखिया सतेंद्र यादव के नेतृत्व में झामुमो का दामन थामने वालो में विमलेश कुमार, सीता देवी, ज्ञानती देवी, अंची देवी, सीता देवी, पूर्व मुखिया उर्मिला देवी, विशाल कुमार, कुलदीप उरांव, अमित सिन्हा, संजय श्रीवास्तव, ललन यादव, संजय यादव, मंजू लता कुमारी, रामानंद यादव, गफ्फार अली, जितेंद्र कुमार ओझा, नीना देवी, रेखा देवी, मंजू देवी, सुनील सिन्हा, सुलेखा बनार्जी सहित दर्जनों महिला-पुरूष लोग शामिल हैं।

## भुरकुंडा हाथीदाड़ी भूमिगत खान का जर्मनी के पत्रकार ने किया निरीक्षण



पत्रकार को जानकारी देते ट्रेड यूनियन के नेतागण। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH :** जर्मनी के पत्रकार ने शनिवार को भुरकुंडा हाथीदाढ़ी भूमिगत खदान का निरीक्षण किया। इस दौरान जर्मनी के पत्रकर साधिका और इशांत ने मजदूरों से वार्ता भी की। मजदूरों ने बताया कि 2020 से भुरकुंडा हाथीदाढ़ी भूमिगत खदान को एक साजिश के तहत बंद कर दिया गया है। साथ ही प्राइवेटे को देने की एक साजिश चल रही है। तीन साल बीत जाने के बाद भी आज तक झारखंड सरकार एवं भारत सरकार के द्वारा सीटीओ नहीं दिया गया है। इससे जाहिर होता है कि कोयला खदान को निजीकरण करने की एक साजिश चल रही है। खदान बंद होने से लोग जो प्राइवेट हो गए हैं, प्रभावित व विस्थापित हो गए हैं उनके सामने भुखमरी की समस्या पैदा हो गई है। बड़े पैमाने पर कोल इंडिया के अंदर कोयला क्षेत्र भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है।

वार्ता के दौरान कोल माइंस वर्कर्स यूनियन एआईसीसीटीयू के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव सह ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने खदान सहित कोयला मजदूरों की समस्याओं से जर्मनी के पत्रकार को अवगत कराया। मौके पर बिहार जनता खान मजदूर संघ के क्षेत्रीय सचिव नरेश नायक, जनता मजदूर संघ के रीजनल सचिव ललन सिंह, श्रमिक विकास संगठन के प्रदेश महासचिव राजेश वर्मा, देवनारायण कोल, किशोर नायक, कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के मधु बाउरी ने भी वर्षों से बंद भुरकुंडा भूमिगत खदान, सीटीओ नहीं मिलने के कारण आदि बातों की जानकारी पत्रकारों को दी।

## उपायुक्त ने स्काउट एवं गाईड के बीच प्रमाण-पत्रों का किया वितरण

**PHOTON NEWS LOHARDAGA :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने शनिवार को भारत स्काउट एवं गाईड के 186 बच्चों के बीच प्रमाण-पत्र का वितरण किया । यह प्रमाण-पत्र बच्चों को नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट में 06 मई 2023 से 10 मई 2023 तक आयोजित ट्रैकिंग-सह- नेचर स्टडी कैंप में शामिल होने के लिए दिया गया। इस कैंप में लोहरदगा जिला के कुल 186 स्काउट एवं गाईड ने भाग लिया था।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय में इस कैंप का आयोजन होना बहुत ही अच्छी बात है। इसका अनुभव बच्चों को आनेवाले समय में मिलेगा। नेतरहाट आवासीय विद्यालय के छात्र रहे कई आज विभिन्न सरकारी पदों पर पदासीन हैं।

उपायुक्त ने कहा कि जो बच्चे ट्रैकिंग के क्षेत्र में जाना चाहते हैं वे भविष्य में दार्जिलिंग, सिक्किम, उत्तराखण्ड जैसे हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में आयोजित होने वाले ट्रैकिंग कैंप में हिस्सा लें, इससे आपका हुनर निखरेगा। देश के विभिन्न हिस्सों से आनेवाले युवाओं से मिलेंगे तो उसका एक अलग अनुभव आपको मिलेगा।

## एला एंगलाइज में टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**PHOTON NEWS RAMGARH :** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित एला एंगलाइज सीनियर सेकंडरी विद्यालय में शनिवार को टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन जवाहर नगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, प्राचार्य विजयंत कुमार, शिक्षक निरंजन दुबे व शंभू प्रसाद नेखिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। टूनार्मेंट में स्कूल के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि। ● द फोटोन न्यूज

टूर्नामेंट का पहला मुकाबला नेताजी और बाल्मीकि सदन के बीच खेला गया। जिसमें बाल्मीकि सदन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 120 रन बनाए। जबकि जवाबी खेलते हुए नेताजी हाउस की टीम 107 रनों पर ही सिमट गई। बेहतर प्रदर्शन के लिए चंदन को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। मैच में चंदन कुमार ने 54 रनों महत्वूपर्ण पारी खेली।


मौके पर मुख्य अतिथि प्रदीप मांझी ने कहा कि खेल से बच्चों मे लीडरशिप स्किल आती है। उन्होंने कहा कि खेल-कूद से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। टूर्नामेंट का संचालन विद्यालय के खेल शिक्षक कंचन सोनी के निगरानी में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। अपने-अपने सदनों का उत्साह बढ़ाने के लिए के सदन के इंचार्ज अनुराग मद्धेशिया और मोहनलाल बेदिया उपस्थित रहें।

मौके पर शिक्षक निरंजन दुबे और शंभू प्रसाद ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य फिजिकल एजुकेशन के अंतर्गत 12वीं के बच्चों द्वारा इवेंट मैनेजमेंट स्किल को डेवलप करने और लीडरशिप को बढ़ावा देना है। टुनामेंट को सफल बनाने में मोनू, सोनू, विभूति, दानिश, अमन, विद्या, स्नेहा महतो, विद्या शर्मा, टीया, मानसी सिंह और कनक कुमारी जुटे हैं।

## सामाजिक कुरीति निवारण योजना अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

# SAVITRIBAI PHULE किशोरी समृद्धि योजना सहित अन्य योजनाओं की दी गई ग्रामीणों को जानकारी

**PHOTON NEWS RAMGARH :** सामाजिक कुरीति निवारण योजना के तहत शनिवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर प्रखंड के पंचायत भवन, बड़किपोना में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यशाला में उपस्थित ग्रामीणों व अन्य को सामाजिक कुरीतियों जैसे डायन प्रथा एवं इसके रोकथाम हेतु डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के संबंध में विस्तार से जानकारी देने के क्रम में उन्हें जागरूक किया गया वही कार्यशाला के दौरान ग्रामीणों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत बच्चियों को मिलने वाले लाभ, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देने के क्रम में ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया है।



कार्यशाला में ग्रामीणों को जानकारी देती अतिथि। ● द फोटोन न्यूज

**क्या है डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 :** डायन की पहचान यदि कोई भी व्यक्ति - जो किसी अन्य व्यक्ति को 'डायन' के रूप में पहचान करता हो और उस पहचान के प्रति अपने किसी भी कार्य, शब्द या रीति से कोई कारवाई करे, तो इसके लिए उसे अधिकतम् तीन महीने तक कारावास की सजा अथवा एक हजार रुपये जुमार्ने की सजा अथवा दोनों से दंडित किया जायेगा।

प्रताड़ित करने का हजार्ना- यदि कोई भी व्यक्ति जो किसी औरत को डायन के रूप में पहचान कर उसे शारीरिक या मानसिक यातना जानबूझ कर या अन्यथा प्रताड़ित करता है, तो उसे छः माह की अवधि के लिए कारावास या सजा अथवा दो हजार रुपए तक जुमार्ने अथवा दोनों सजा से दंडित किया जायेगा।

डायन की पहचान में दुष्प्रेरण - ऐसे किसी भी व्यक्ति को जो किसी औरत को 'डायन' के रूप में पहचान करने के लिए साशय या अनवधानता से अन्य व्यक्ति को या समाज के लोगों को उकसाता हो, षडयंत्र रचता हो या उन्हें सहायता देता हो, जिससे उस औरत को हानि पहुंचे, तो तीन महीने तक का कारावास अथवा एक हजार रुपए के जुमार्ने अथवा दोनों सजा से दंडित किया जायेगा ।

डायन का उपचार- किसी भी डायन के रूप में पहचान की गई औरत को जो भी शारीरिक या मानसिक हानि या यातना पहुँचाकर अथवा प्रताड़ित कर 'झाड़फुंक' या फिर 'टोटका' द्वारा उराके उपचार के लिए कोई कार्य करता है, तो उसे एक साल की कारावास का सजा अथवा दो हजार रुपए तक के जुमार्ने अथवा दोनों सजा से दंडित किया जायेगा। विचारण की प्रक्रिया-इस अधिनियम के सभी अपराध संज्ञेय एवं गैर जमानती होंगे।

## BRIEF NEWS

### डॉक्टर्स डे पर सम्मानित किए गए आदर्श क्षेत्रीय सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा के चिकित्सक

**RAMGARH :** यूसीडब्ल्यूयू के तत्वावधान में शनिवार को आदर्श क्षेत्रीय सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा में धूमधाम से समारोह पूर्वक डॉक्टर्स डे मनाया गया। समारोह में सेवाभाव से योगदान देने वाले बरका-सयाल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एचके सिंह व डॉ नदीम अनवर को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कहा गया कि चिकित्सक कठिन परिस्थियों में अपने दायित्व को बेहतरीन जिम्मेदारी के साथ निभाते हैं। डॉक्टर्स की कर्तव्य निष्ठा और सेवा भावना सराहनीय है। इनकी जितनी भी सराहना की जाए कम है। सम्मानित करने वालों में सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य विकाश कुमार, फारुख राजा, रंजीत कुमार, गणेश साव, जितेंद्र, दिवाकर, राहुल, रीता, उर्मिला, जावेद खान, रुकसाना, शांति, आरती, पूनम, पनवा देवी आदि शामिल थें।

### भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन, निशा कुमारी को किया गया सम्मानित

**RAMGARH :** नीचे धौड़ा भुरकुंडा निवासी रघु करमाली व दुलारी देवी की पुत्री निशा कुमारी का झारखंड सरकार द्वारा पंचायत सचिव पद पर नियुक्त किए जाने पर शनिवार को भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान व संचालन आजाद भुंईया ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष रीता देवी व पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम मुख्य रूप से उपस्थित थें। समारोह में मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष रीता देवी ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि देश के हर क्षेत्र में आज बेटियां अपनी सफलता का परचम लहरा रही हैं। अपनी कड़ी मेहनत और हुनर से बेटियां आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सफलता किसी को यू ही नहीं मिलती इसके लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। वहीं पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम ने कहा कि लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाए तो सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हर क्षेत्र में बेटियों को बोल-बाल है। इसके लिए अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं। समारोह में नवनियुक्त पंचायत सचिव निशा कुमारी और पिता रघु करमाली व माता दुलारी देवी को अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इधर निशा ने अपनी सफलता का गुरुजनों का मार्गदर्शन, श्रेय कड़ी मेहनत, माता-पिता एवं अपने भाई विक्रम करमाली को दी है। मौके पर दीपक भुंइया, पूर्व मुखिया सुभाष दास उर्फ काला बाबू, संजय मिश्रा, रोशन पासवान सहित दर्जनों पंचायतवासी मौजूद थे।

### भदानीनगर पुलिस ने नकली कीटनाशक दवाई बनाकर बेचने के आरोप में एक को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**RAMGARH :** भदानीनगर पुलिस ने नकली कीटनाशक दवाई बनाकर बेचने के आरोप में शनिवार को एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिसया। भदानीनगर ओपी में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मामले की जानकारी देते हुए पतरातू एसडीपीओ डॉ. बिरेंद्र कुमार चैधरी ने बताया कि बायर्स साइंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड महाराष्ट्र के प्रतिनिधि द्वारा सूचना मिली की भदानीनगर ओपी क्षेत्र के लपंगा निवासी मो. हाशीम पिता मो. रमजान द्वारा अवैध रूप से इनके कंपनी के नाम का नकली कीटनाशक दवाई का पैकेट बनाकर कई दिनों से बेचा जा रहा है। इस संबंध में वरीय पदाधिकारी को सूचित किया गया एवं उनके निदेर्शानुसार छापामारी दल का गठन किया गया। कंपनी के प्रतिनिधि एवं छापामारी दल के सहयोग से मो. हाशीम के घर पर छापेमारी की गई तो इनके घर से सटे इनके किराना दुकान में अत्यधिक मात्रा में बायर्स साइंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड महाराष्ट्र कंपनी की नकली कीटनाशक पैकेट बरामद की गई। साथ ही नकली कीटनाशक की खाली पैकेट एवं पैकेट को सील करने वाली मशीन एवं वजन करने वाली मशीन भी बरामद की गई। सभी सामानों को जप्त करते हुए मो. हाशीम को बायर्स साइंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड महाराष्ट्र कंपनी के नकली कीटनाशक के पैकेट को बनाने एवं बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बायर्स कंपनी का नकली कीटनाशक भरा हुआ नकली पैकेट 5475 पीस, बायर्स कंपनी का नकली खाली पैकेट 4800 पीस, पैकिंग मशीन 1 पीस, वजन करने का मशीन 1 पीस, नकली कीटनाशक पाउडर 18 किलोग्राम जप्त किया है। पुलिस आरोपी मो. हाशीम से पूछताछ के बाद जेल भेजा दिया। मौके पर एसडीपीओ श्री चौधरी ने कहा कि किसी भी हाल में क्षेत्र में अवैध कारोबार नहीं होने दिया जायेगा। छापामारी दल में भदानीनगर ओपी प्रभारी राजदीप कुमार, एएसआई नूतन आशीष तिर्की, एएसआई संजय कुमार सिंह आदि शामिल थे।

### रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**LOHARDAGA :** डॉक्टर्स डे" के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शनिवार को एक दिवसीय रक्तदान शिविर सह स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया गया । सिविल कोर्ट परिसर में स्थापित रक्तदान शिविर में कुल 42 युनिट रक्त दिया गया। इसमें न्यायालय के न्यायाधीश, अधिवक्ता, न्यायालय के कर्मी, पूलिस बल के जवान एवं पीएलवी शामिल रहे। मौके पर डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पहल पर आज का रक्तदान शिविर लगाया गया था, जिसमें आशातीत सफलता मिली।

### संथाल परगना आयुक्त ने श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर की अंतरराज्यीय बैठक

**DEOGHAR :** राजकीय श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधा और सुरक्षा के पुख्ता व्यवस्था के लिए अंतरराज्यीय समन्वय के लिए इंटर स्टेट को-ओर्डिनेशन की बैठक संथाल परगना आयुक्त लालचन्द डाडेल की अध्यक्षता में शनिवार को देवघर परिसदन के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में आयुक्त लालचन्द डाडेल ने बताया कि बैठक का उद्देश्य श्रावणी मेला के सफल संचालन को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करना है, ताकि सुल्तानगंज से जल भरने के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा जिन-जिन स्थानों से होकर पैदल यात्रा की जाय, वहां श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। इसके लिए कांवरिया मार्ग में पड़ने वाले सभी जिलों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय, ताकि श्रद्धालु सुगमतापूर्वक जलार्पण कर पायें और उन्हें किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। आयुक्त ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान व भीड़ नियंत्रण के लिए भागलपुर, बांका के साथ आपसी समन्वय बनाकर कार्य किया जायेगा, ताकि उसके माध्यम से कांवरिया मार्ग के पल-पल की जानकारी का आदान-प्रदान होता रहे। बैठक के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के आग्रह पर बिहार से आने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों के छतों पर किसी भी सूरत में श्रद्धालुओं को न बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही गयी। अंतरराज्यीय इस बैठक में श्रावणी मेला से संबंधित जिलों के प्रमंडलीय आयुक्तों सहित जिला अधिकारी, एसपी सहित तमाम वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पलामू के 1563 पीडीएस डीलर जायेंगे हड़ताल पर

**PALAMU :** अगामी एक अगस्त से गरीबों के पेट पर आफत पड़ने वाली है। जिले के 1563 समेत पूरे राज्य के 25 हजार जनवितरण प्रणाली के दुकानदार हड़ताल पर चले जायेंगे। ऐसे में राशन वितरण नहीं होगा और सरकार के खाद्यान्न पर निर्भर रहने वाले गरीब परिवारों की पेट की आग शांत नहीं होगी। शनिवार को फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र पांडे ने कहा कि एक अगस्त से पलामू समेत पूरे झारखंड के 25 हजार लक्षित जनवितरण दुकानदार राशन वितरण नहीं करेंगे। हमारी मांगों पर सरकार द्वारा टाल मटौल किया जा रहा है एवं बकाया कमीशन का भुगतान नहीं करने के कारण विक्रेताओं के समक्ष भुखमरी की स्थिति आ गई है। ऐसे में एक अगस्त से ई-पॉश मशीन बंद रखने एवं मानसून सत्र का घेराव करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि विगत 11 माह का पीएमजीकेएवाई का बकाया कमीशन और एनएफएसए योजना का मार्च से कमीशन राशि बाधित है, जिससे डीलर घोर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं।

# 46.10 करोड़ के बीज घोटाला मामले में ACB ने कोर्ट को सौंपी लिखित बहस

## तत्कालीन कृषि निदेशक निस्तार मिंज की क्रिमिनल रिवीजन पर हाईकोर्ट में हुई की सुनवाई



**SPECIAL REPORTER RANCHI :** 46.10 करोड़ के बीज घोटाला मामले में आरोपी तत्कालीन कृषि निदेशक निस्तार मिंज की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की ओर से लिखित बहस प्रस्तुत की गई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 6 जुलाई निर्धारित की है। पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी की ओर से बहस पूरी हो चुकी है। प्रार्थी की ओर से पटना हाईकोर्ट के अधिवक्ता अजीत कुमार एवं झारखंड हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता राजीव सिन्हा और अधिवक्ता रोहित सिन्हा ने पैरवी की।

दरअसल, निस्तार मिंज ने एसीबी कोर्ट द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया है कि निस्तार के खिलाफ एसीबी थाना में 2 एफआईआर दर्ज किया गया है। जिनमें एक एफआईआर वर्ष 2009 में बीज घोटाला एवं दूसरा एफआईआर वर्ष 2013 में खाद घोटाला में किया गया है। प्रार्थी का कहना है कि वर्ष 2013 में प्रार्थी के खिलाफ जो खाद घोटाला का मामला दर्ज किया गया था उसमें अभी तक आरोपपत्र भी दायर नहीं हुआ है और अनुसंधान जारी है। वर्ष 2013 के खाद घोटाला के मामले को बीज घोटाला के साथ मर्ज करते हुए उनके डिस्चार्ज पिटिशन पर सुनवाई हुई थी। बीज घोटाला के साथ खाद घोटाला के आरोपों को जोड़कर उनके डिस्चार्ज पिटिशन को एसीबी कोर्ट ने खारिज कर दिया था, जो अनुचित है। बता दे कि बीज घोटाला मामले को लेकर एसीबी थाना में कांड संख्या 11/2009 दर्ज किया गया था। 9 दिसंबर 2022 को एसीबी की अदालत ने बीज घोटाला मामले में निस्तार मिंज के खिलाफ आरोप गठित किया था।

## मनी लांड्रिंग केस : आरोपी उमाशंकर मालवीय की पासपोर्ट रिलीज कराने के मामले में हुई सुनवाई

**RANCHI :** मनी लॉउड्रिंग मामले में फंसे पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के तत्कालीन निजी सचिव उमाशंकर मालवीय के पासपोर्ट रिलीज कराने को लेकर दायर क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। कोर्ट ने प्रार्थी के आग्रह को देखते हुए मामले की सुनवाई 7 जुलाई निर्धारित की। दरअसल ईडी के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने पासपोर्ट रिलीज करने के उमाशंकर मालवीय की याचिका को खारिज कर दिया था, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि उनकी बेटी लंदन में एक यूनिवर्सिटी में लॉ की पढ़ाई कर रही है इसलिए वह लंदन उससे मिलने जाना चाहते हैं । ऐसे में ईडी की अदालत में जमा उनके पासपोर्ट को रिलीज करने का आदेश दिया जाए । हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा एवं अधिवक्ता अनुपमा ने पैरवी की। गौरतलब है कि उमाशंकर मालवीय पर पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के द्वारा अर्जित की गई करोड़ों रुपए की अवैध संपत्ति को मनी लॉउड्रिंग करने में सहयोग करने का आरोप है।

दरअसल, विजिलेंस थाने में तत्कालीन विधायक भानु प्रताप शाही की आय से अधिक संपत्ति को लेकर दर्ज कांड संख्या 9/2009 के आधार पर सीबीआई ने एक प्राथमिकी दर्ज की थी। सीबीआई ने तत्कालीन विधायक भानु प्रताप शाही के खिलाफ 13 मार्च 2005 से 24 जुलाई 2009 की अवधि को चेक पीरियड मानते हुए उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज कराया था। बाद में सीबीआई की इसी प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने भानु प्रताप शाही, उनके तत्कालीन ओएसडी उमाशंकर मालवीय एवं अन्य के खिलाफ मनी लांड्रिंग का मामला दर्ज किया है।

## टेरर फंडिंग मामला : विनोद कुमार गंझू की जमानत याचिका की सुनवाई HC के दूसरे बेंच में स्थानांतरित

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट में शनिवार को आम्रपाली और मगध कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपी विनोद कुमार गंझू की जमानत याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले को दूसरे सक्षम बेंच में स्थानांतरित करने का आदेश दिया। टेरर फंडिंग से जुड़े एक सह आरोपी सुभान मियां की जमानत याचिका की सुनवाई हाई कोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय और जस्टिस अंबुज नाथ की खंडपीठ में हुई थी, जिसे देखते हुए जस्टिस आनंद सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस मामले को दूसरे सक्षम बेंच में स्थानांतरित करने का आदेश दिया।

उल्लेखनीय है कि आरोपी विनोद कुमार गंझू के चतरा स्थित आवास से वर्ष 2016 में पुलिस की छापेमारी में करीब 91 लाख बरामद हुए थे। इस मामले को लेकर टंडवा थाने में कांड संख्या 2/2016 दर्ज किया गया था। इसी मामले में एनआईए ने केस दर्ज किया था। विनोद कुमार गंझू मगध ऑर्गनाइजिंग कमेटी का प्रेसिडेंट है और ट्रांसपोर्ट कंपनी चलाता है।

# नीरज मितल, राम प्रकाश व तारा चंद से और 3 दिनों तक पूछताछ करेगी ED

**CRIME REPOREТR RANCHI :** मनी लान्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार सीए (चार्टेड एकाउंटेंट) नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया और तारा चंद से ईडी तीन दिनों तक पूछताछ करेगी। शनिवार को कोर्ट ने इसकी अनुमति दे दी है। सोमवार को ईडी की ओर से तीनों अभियुक्तों को पांच दिनों की रिमांड लेकर पूछताछ की अनुमति मांगी गयी। जिसका नीरज मित्तल की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और राम प्रकाश भाटिया एवं तारा चंद की ओर से रिमांड अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने विरोध किया। वहीं ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी ने बहस करते हुए कहा कि तीनों आरोपियों से हुई अब तक की पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं। इसलिए इनसे और पूछताछ करना जरुरी है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने ईडी को तीन दिनों की रिमांड की अनुमति दी है। तीनों आरोपियों पर जेल में बंद निलंबित अभियंता प्रमुख बीरेंद्र राम के पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है।

### 24 जून ईडी ने नीरज और भाटिया को किया था गिरफ्तार

बता दें निलंबित इंजीनियर बीरेंद्र राम और सवा सौ करोड़ के संपत्ति के मालिक से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए ईडी ने शनिवार (24 जून) को वीरेंद्र राम के दो सहयोगियों रामप्रकाश भाटिया और नीरज मित्तल को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। नीरज मित्तल को कोर्ट में शनिवार को ही पेश किया गया जिसके बाद उसे कोर्ट ने होटवार जेल भेजा है वहीं रामप्रकाश भाटिया को 25 जून (रविवार) को ईडी की विशेष अदालत में पेश किया गया। इधर इसी मामले में ईडी ने तारा चंद को भी डिटेन किया है। बता दें, ईडी ने मामले में कार्रवाई करते हुए जयपुर से तारा चंद को डिटेन किया है। बीरेंद्र राम के करीबी तारा चंद (सचिन गुप्ता) वहीं शख्स है जिसके नाम पर तीन फर्जी कंपनियां संचालित होती है। साथ ही बीरेंद्र राम के ब्लैक मनी को ट्रांसफर करने का काम भी यही शख्स करता था।

### अमित अग्रवाल और दिलीप घोष की बेल पर 3 जुलाई को सुनवाई

लैंड स्कैम के आरोपी कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष की जमानत अर्जी पर सोमवार 3 जुलाई को सुनवाई होगी। रांची ढटछअ (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में दोनों अभियुक्तों ने जमानत की गुहार लगायी है। जिसपर सुनवाई के लिए कोर्ट ने अब 3 जुलाई की तिथि मुकर्रर की है। ईडी ने 7 जून को कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को कोलकाता से गिरफ्तार किया था। रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में रांची के पूर्व उपायुक्त आइएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल हो चुकी है।

## BRIEF NEWS

### डॉक्टर्स दिवस पर हेमंत सोरेन ने स्वास्थ्यकर्मियों को दी बधाई

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को ट्वीट के माध्यम से कहा कि डॉक्टर्स डे के अवसर पर अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानी और चिकित्सक तथा पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न डॉ बिधान चन्द्र रॉय की जयंती पर शत-शत नमन किया।

### मुख्यमंत्री ने परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद को किया नमन

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 1965 भारत-पाक युद्ध में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाले अमर वीर शहीद परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद की जयंती पर शत-शत नमन किया। मुख्यमंत्री ने शनिवार को ट्वीट के माध्यम से अब्दुल हमीद को नमन किया।

### इमा के ब्लैक बेल्ट चौथी डान इंद्रजीत घोष बनाए गये कराटे जज

**RANCHI :** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी इमा के ब्लैक बेल्ट चौथी डान इंद्रजीत घोष कराटे जज बनाए गये हैं। पिछले दिनों दिल्ली में संपन्न अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप के दौरान कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा आयोजित जज की परीक्षा में उन्होंने सफलता हासिल की थी। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने इंद्रजीत घोष को उसकी सफलता पर बधाई दी है। साथ ही बहू बाजार बसर टोली स्थित इमा कराटे स्टूडियो में उन्हें सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए यह सम्मान की बात है जब वह खिलाड़ी के साथ-साथ जज बन जाएं। जज की भूमिका निभाने का अवसर मिलना खुशी का अवसर है। इंद्रजीत घोष के जज बनाए जाने पर इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष सेंसइ अनिल किस्पोट्टा, मोहिनी रितिका टोप्पो, राकेश तिर्की, कुंदन उराँव, पीटर कच्छप आदि ने भी बधाई दी है।

### बिना एनओसी के दाखिल कर दिया वकालतनामा वकील ने की शिकायत

**RANCHI :** रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता चंदन कुमार ने रांची जिला बार एसोसिएशन के सचिव को एक पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने यह जानकारी दी है कि अधिवक्ता प्राची कुमारी ने उनसे बिना अनापत्ति (एनओसी) लिए उनके एक केस में वकालतनामा दाखिल कर दिया। इसके साथ ही अधिवक्ता चंदन कुमार ने लिखा है कि बार एसोसिएशन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि किसी भी वकील के लिए किसी क्लाइंट का केस लड़ने से पहले अनापत्ति (एनओसी) लेना जरूरी है, लेकिन अधिवक्ता प्राची कुमारी ने ऐसा नहीं किया। इसलिए उन पर कार्रवाई की जाए।

### मेडिटेशन व शिकायत कोषांग के अध्यक्ष बने डॉ जेके मित्रा

**RANCHI :** झारखंड आईएमए कार्यकारिणी समिति की बैठक में आईएमए की विभिन्न इकाइयों का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया गया है। इसके आलोक में मेडिटेशन और शिकायत कोषांग का अध्यक्ष डॉ जेके मित्रा (रांची) को बनाया गया है। वहीं साहिबगंज के डॉ विजय कुमार को उपाध्यक्ष, रांची के डॉ संजय कुमार को सचिव, रांची के डॉ स्टीफन खेस को संयुक्त सचिव और जमशेदपुर के डॉ आरएल अग्रवाल को संयोजक बनया गया है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# ट्रांसफॉर्मर जलने की समस्या से मिलेगा छुटकारा JBVNL ने उपभोक्ताओं से मांगा DECLARATION

**PHOTON NEWS RANCHI :** बीते दो महीने से जिला में ट्रांसफॉर्मर जलने की समस्या अधिक हो गयी है। एक तो तेज गर्मी के कारण ट्रांसफॉर्मर में अधिक लोड बढ़ने पर। वहीं, दूसरी ओर आंधी बारिश के कारण ट्रांसफॉर्मर जलने की समस्या में वृद्धि हुई है। इस समस्या से निजात पाने के लिये जेबीवीएनएल मुख्यालय ने पहल की है। निगम की मानें तो क्षेत्रीय स्तर पर उपभोक्ताओं से डिक्लरेशन मांगा जा रहा है। जिसमें शहरी और ग्रामीण सभी उपभोक्ताओं को फॉर्म भरने की अपील की जा रही है। इसमें उपभोक्ताओं को अपने अपने घरों में बिजली खपत की जानकारी देना है। निगम की मानें तो घरों में बिजली की खपत के अनुसार ट्रांसफॉर्मस में लोड बढ़ने और जलने का समाधान निकाला जायेगा। इस संबध में रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के जीएम पीके श्रीवास्तव ने भी आदेश जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा है

### WEBSITE पर उपलब्ध है आवेदन

डिस्कलरेशन फॉर्म निगम के आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। जहां उपभोक्ता इसे भर सकते है। जीएम ने उपभोक्ताओं को आश्वास्त किया कि उपभोक्ताओं को इससे घबराने की जरूरत नहीं है। मीटर रीडिंग में जितना यूनिट आयेगा। उतना ही बिल देना होगा। लोड बढ़ोतरी के बावजूद फिक्स चार्ज में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। ऐसे में उपभोक्ताओं को नयी बिजली दर के अनुसार सौ रुपए फिक्स चार्ज में देनी होगी। लोड की जानकारी मिल जाने पर ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ायी जायेगी या उसे बदला जायेगा। इससे कंज्यूमरों को बिजली समस्या नहीं होगी। वहीं, जेबीवीएनएल अधिकारियों और कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर खराब और जले ट्रांसफार्मर बदलने का आदेश दिया गया है। बिजली अफसरों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में चिन्हित करके खराब एवं जले हुए ट्रांसफार्मरों को बदलने का कार्य करें।

### नाइजीरिया के मॉरिश को नहीं मिली बेल, धोखाधड़ी केस में जेल में है बंद

**RANCHI :** धोखाधड़ी केस में रांची जेल में बंद नाइजीरिया के नागरिक को रांची सिविल कोर्ट ने बेल देने से इनकार कर दिया है। मॉरिश ने रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अधिवक्ता सौरव पांडेय और बीरेंद्र प्रताप सिंह के माध्यम से अपनी जमानत अर्जी दाखिल की थी। लेकिन दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने उसे बेल देने से इनकार करते हुए उसकी बेल अर्जी ठुकरा दी। बेल अर्जी ठुकराए जाने के बाद अब मॉरिश हाईकोर्ट में अपनी जमानत की गुहार लगा सकता है। बता दें कि नाइजीरिया के रहने वाले व्यक्ति मॉरिश को बरियातू थाना की पुलिस ने 13 मई को गिरफ्तार किया था। मॉरिस की गिरफ्तारी की जानकारी नाइजीरिया के घाना स्थित दूतावास को भी दे दी गयी थी।

# 13वीं झारखंड स्टेट व INTER स्कूल शूटिंग CHAMPIONSHIP संपन्न

## अरिंदम बोस ने पांच पदक जीतकर बनाया नया कीर्तिमान

**PHOTON NEWS RANCHI :** 13 वीं झारखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप और प्रथम झारखंड इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप शनिवार को चौथे और अंतिम दिन टिकैत उमराव सिंह शूटिंग रेंज होटवार रांची में संपन्न हो गया। मौके पर समारोह के मुख्य अतिथि राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि जिन्हें पदक नहीं मिला है उन्हें हार नहीं माननी चाहिए और उन्हें लगातार परिश्रम करके सफलता अर्जित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में लगभग 700 खिलाड़ी ने भाग लिया और हर खिलाड़ी ने अपना बेहतर देने का कोशिश किया। उन्होंने कहा कि भोपाल और केरल जैसे जगहों पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित होती है। अगर इस रेंज को भी बेहतर कर दिया जाए तो रांची में भी बड़ी से बड़ी प्रतियोगिता आयोजित हो सकती है। उन्होंने झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन को इस प्रतियोगिता के आयोजन कराने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।




# नाबालिग से GANGRAPE मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**CRIME REPORTER RANCHI :** पिठोरिया थाना पुलिस ने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सुभाष उरांव, इतेश टोप्पो और संतोष टोप्पो शामिल है। जबकि मामले में एक आरोपी फरार है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शनिवार को बताया कि नाबालिग अपनी बहन के साथ जगरनाथपुर मेला घुमने गयी थी। इसी क्रम में नाबालिग के बहन के पूर्व परिचित सुभाष उरांव ने घर पहुंचाने के बहाने नाबालिग को अगवा कर सुनसान स्थान पर ले गया। साथ अपने चार साथियों के साथ मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया। नाबालिग का सीडब्लूसी के समक्ष उपस्थित कराते हुए मेडिकल जांच कराया गया। साथ ही नाबालिग का न्यायालय में 164 का बयान दर्ज कराया गया।


पुलिस की गिरफ्त में तीनों आरोपी।

### रांची में पर्यावरण व ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार

**RANCHI :** सामाजिक संस्था विवेकानंद युथक्वेक फाउंडेशन और रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में बरियातू डीएवी स्कूल में पर्यावरण एवं ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन किया गया। रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी को पर्यावरण एवं प्रकृति की रक्षा के लिए पर्यावरण एवं उर्जा संरक्षण के लिए जिम्मेवार होना पड़ेगा। तभी हम एक जिम्मेदार नागरिक बनकर देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। इस अवसर रांची नगर निगम ने विद्यार्थियों के बीच 200 पौधों का वितरण किया।

## रांची डीसी ने मैकलुस्कीगंज में पर्यटन के विकास के लिए टूरिज्म प्लेस का किया निरीक्षण

# नकटा पहाड़ी को पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए अधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को खलारी प्रखंड के मैकलुस्कीगंज में पर्यटन के विकास के लिए टूरिज्म प्लेस का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में उपायुक्त ने ड्रीम डेस्टिनेशन, डेगा डेगी नदी, नकटा पहाड़ (चान्हो अंचल) और सर्वधर्म स्थल दुल्ली का निरीक्षण किया। इन स्थानों के विकास के लिए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया। उपायुक्त ने नकटा पहाड़ी को पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए पहुंच पथ बनाने एवं पहाड़ के आस-पास चिल्ड्रेन पार्क, कियोस्क निर्माण, बिजली, पानी की व्यवस्था करने एवं नकटा पहाड़ी में ट्रैकिंग के लिए रास्ता बनाने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया । साथ ही इस पर जल्द कार्य करना सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने मैकलुस्कीगंज में डीएमएफटी योजना से सार्वजनिक शौचालय निर्माण कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया । साथ ही वहां मौजूद एंग्लो इंडियन ने उपायुक्त से बातचीत के क्रम में मैकलुस्कीगंज में पलामू एक्सप्रेस का स्टॉपेज करने की मांग की। इस पर उपायुक्त की ओर से आश्वासन दिया गया की इस पर संबंधित अधिकारियों से बात की जायेगी।


निरीक्षण करते रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ● फोटोन न्यूज

## हुनर से पार्वती व द्रौपदी की बदली जिंदगी, शेफ बनकर अच्छी आमदनी कर रहीं दोनों सगी बहनें

# हेमंत सोरेन के प्रयासों से संवर रहा बेटियों का भविष्य

**PHOTON NEWS RANCHI :** पार्वती और द्रौपदी कुमारी रांची के सिकिदिरी गांव की रहने वाली सगी बहनें हैं। दोनों ऐसे पृष्ठभूमि से आती हैं, जहां लड़की के लिए शिक्षा ग्रहण कर पाना बेहद कठिन है लेकिन दोनों बहनों ने मां की देखरेख में इस कठिन दौर को पार किया। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर शुरू किए गए आईटीआई कौशल कॉलेज (पाक-कला) प्रेझा फाउंडेशन (एसटी, एससी, अल्पसंख्यक और कल्याण विभाग की परियोजना परिवाहिनी) से जुड़ गई। दोनों बहनों की पहल रंग लाई। दोनों ने अच्छा करने की प्रतिबद्धता के साथ पाककला में एक साल का पूर्णकालिक आवासीय आईटीआई प्रमाणन कार्यक्रम के तहत पाठ्यक्रम पूरा कर प्लेसमेंट प्राप्त किया। पार्वती हैदराबाद स्थित सोडेक्सो एवं द्रौपदी बर्बेक्यू नेशन में नौकरी प्राप्त कर ली। उनका शुरूआती मासिक शुद्ध वेतन लगभग 16,000 (सीटीसी 25,000 रुपये) था। उनकी प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत के कारण उनकी सेवा के केवल 6 माह में उनके वेतन में वृद्धि हुई।





### कमजोर वर्गों के लिए वरदान है यह पहल

आईटीआई कौशल कॉलेज (पाक-कला) प्रेझा फाउंडेशन (एसटी, एससी, अल्पसंख्यक और कल्याण विभाग की परियोजन परिवाहिनी) की एक पहल है जो पाककला में एक साल का पूर्णकालिक आवासीय आईटीआई प्रमाणन कार्यक्रम प्रदान करने वाला अपनी तरह का पहला संस्थान है। यह कार्यक्रम राज्य के कमजोर वर्गों एससी, एसटी और अल्पसंख्यक लड़कियों को शेफ के रूप में प्रशिक्षित करने के इरादे से विकसित किया गया है ताकि वे अपनी आजीविका का मार्ग प्रशस्त कर सकें। यह पाक कला महाविद्यालय, कई मायनों में एक अभिनव पहल है। इसमें विश्व स्तरीय प्रशिक्षण बुनियादी ढांचा, विशेष रूप से तैयार पाठ्यक्रम और पाक कला प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रेरित संकाय है। झारखंड सरकार ने भारत और दुनिया के लिए भविष्य के शेफ तैयार करने के लिए इसकी स्थापना की है।

# झारखंड महालूट के हिस्सेदार अफसरों के चेहरे से नकाब उतारे ईडी : बाबूलाल

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने मनी लांड्रिंग के आरोपी अमित अग्रवाल को लेकर एक बार फिर सरकार पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के पारिवारिक मंत्री अमित अग्रवाल जब भी झारखंड आते थे, उनकी मेहमान नबाजी में पुलिस और प्रशासनिक अफसरों की पूरी टीम लग जाती थी। यह खुलासा कुछ छोटे सरकारी मुलाजिमों ने किया है, जिन्होंने यह सबकुछ अपनी आंखों से देखा है। उन्होंने जो कुछ बताया, वह सुनकर शर्म को भी शर्म आ जाए। बड़े अफसरों के आदेश पर छोटे कर्मियों को अमित अग्रवाल के आगे-पीछे घरेलू नौकर की तरह काम करवाया जाता था। रात के अंधेरे में सही-गलत काम करने का निर्देश मिलता था। ये सब किसी अज्ञात शक्ति के कहने पर होता था। बाबूलाल ने कहा कि ईडी को ऐसे लोगों की करतूतों की पूरी पड़ताल मनी लांड्रिंग के तहत करनी चाहिये। झारखंड में ऑपरेशन क्लीन तब तक पूरा नहीं होगा, जबतक ऐसे सारे लोगों की पहचान कर उन्हें जेल में न पहुंचा दिया जाए। ढाई सालों के झारखंड महालूट और महापाप के कार्यों में सत्ताधारियों के अलावा पुलिस और प्रशासन के भी कुछ लोग समान रूप से हिस्सेदार और जिम्मेदार हैं।

# 12 LAC रुपये की चोरी के मामले में पुलिस ने टाईगर सिक्योरिटी गार्ड को किया गिरफ्तार



गिरफ्तार सिक्योरिटी गार्ड व जानकारी देती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** सोनारी पुलिस ने चोरी के एक बड़े मामले खुलासा किया है। शनिवार को सोनारी थाने में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान लिस की ओर से बताया गया कि सोनारी परदेशी पाड़ा के रहनेवाले कौशल कुमार सिंह के घर से एक जून को 12 लाख रुपये की चोरी हुई थी। चोरी की इस घटना को टाइगर सिक्योरिटी गार्ड प्रेम कुमार महतो उर्फ प्रेमा ने अंजाम दिया था।

पुलिस की मानें तो घटना की रात आरोपी ड्यूटी पर था। इसी बीच ने कौशल कुमार सिंह के तकिया के नीचे से अलमारी की चाबी निकाला और आलमारी को खोलकर रुपये लेकर फरार हो गया। इस घटना का उद्भेदन करने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी।

इस क्रम मे पुलिस ने आरोपी सिक्योरिटी गार्ड को नार्दन टाउन डी रोड बिष्टुपुर से गिरफ्तार कर लिया। इस टीम में थाना प्रभारी विष्णु राउत के अलावा एसआई गौतम कुमार, पंकज कुमार सिंह, कुलदीप कुमार मेहता, आरक्षी अवधेश पासवान, पवन यादव आदि शामिल थे।

## चोरी के पैसे से आरोपी ने खरीदे पलंग, फोन, कूलर

आरोपी को पकड़ने के बाद पुलिस ने उसके घर में छापेमारी की इस दौरान नकद 3.85 लाख रुपये, दो मोबाइल फोन, एक पलंग, एक ड्रेसिंग टेबुल, एक कूलर, एक लकड़ा का टेबुल आदि पुलिस ने बरामद किया है। सभी सामान आरोपी ने चोरी की घटना को अंजाम देने का बाद उसी पैसे से खरीदा था। ऐसे में पुलिस ने सारी सामग्री को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस की ओर से बताया गया कि आरोपी घटना के बाद बोकारो चला गया था। फिर कुछ दिन बाद जमशेदपुर आया लेकिन फिर वह वह कोलकाता चला गया था। उसके गतिविधियों से शक के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रेम कुमार महतो को हिरासत में लिया।

## बेटी की शादी के लिये कौशल कुमार ने रखे थे पैसे

इस घटना के शिकायत कर्ता कौशल कुमार ने बताया कि बेटी की शादी के लिये उन्होंने 12 लाख रुपये निकाला गया था। 30 मई की रात बेटी की शादी बिष्टुपुर के बीएस रेसीडेंसी में थी। शादी के बाद दूसरे दिन सुबह कौशल अपने घर गये थे और अलमारी खोला तब रुपये को गायब पाया था।

# दूसरे दिन भी कॉलेजों को नहीं मिला विभागीय पत्र, नहीं शुरू हुई इंटर नामांकन की प्रक्रिया, मायूस घर लौटे छात्र

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** राज्य के अंगीभूत डिग्री और संबद्धता प्राप्त कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई जारी रहेगी और 11वीं में दाखिला होगा। इस संबंध में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने निर्णय ले लिया है। लेकिन कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले अंगीभूत कॉलेजों ने अभी एडमिशन के लिए आवेदन की भी तिथि व कट ऑफ तय नहीं किया है। कॉलेजों का कहना है कि 11वीं नामांकन को लेकर अभी तक कोई आधिकारीक पत्र उन्हें प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे में जबतक पत्र नहीं मिल जाता वे नामांकन की तिथि नहीं घोषित कर सकते हैं। हालांकि उनकी मानें तो कॉलेजों में नामांकन की तैयारी पूरी है। जैसे ही विभागी पत्र उन्हें प्राप्त होगा वे एडमिशन की तिथि घोषित करते हुए नामांकन लेने की प्रक्रिया शुरू कर देंगे। लेकिन जब तक जैक, उच्च शिक्षा विभाग या कोल्हान विवि का कोई पत्र उन्हें नहीं प्राप्त हो जाता है वे नामांकन प्रक्रिया शुरू नहीं कर सकते हैं। इधर इंटर में दाखिले की आस में शनिवार को सभी कॉलेजों में छात्र पहुंचे लेकिन उन्हें मायूस होकर वापस लौटना पड़ा।

### कोऑपरेटिव कॉलेज में हुई बैठक

भले ही अंगीभूत कॉलेज विभागीय पत्र नहीं मिलने का हवाला देते हुए एडमिशन की प्रक्रिया नहीं शुरू की है। लेकिन इसकी तैयारी में कॉलेज जुट गए हैं। शनिवार को इंटर नामांकन को लेकर कोऑपरेटिव कॉलेज में बैठक हुई। मिली जानकारी के अनुसार इसमें इंटर नामांकन के लिए कट ऑफ के साथ ही एडमिशन की पूरी प्रकिया क्या होगी इस पर मुहर लगी। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ अमर सिंह ने कहा कि भले विभाग का पत्र कॉलेज को नहीं मिला है। लेकिन सरकार ने घोषणा किया है तो नामांकन लेना ही है। ऐसे में हम अपने स्तर से सभी तैयारी रख रहे हैं। जैसे ही एडमिशन लेने से संबंधित पत्र मिलेगा वे कट ऑफ जारी कर नामांकन प्रक्रिया शुरू कर देंगे।

### जानिए किस कॉलेज में कितनी सीटें

| कॉलेज का नाम | आईए | आईएससी | आई कॉम |
|---|---|---|---|
| वीमेंस विश्वविद्यालय | 640 | 640 | 640 |
| करीम सिटी कॉलेज | 512 | 640 | 640 |
| को-ऑपरेटिव कॉलेज | 640 | 640 | 640 |
| ग्रेजुएट कॉलेज | 512 | 512 | 512 |
| वर्कर्स कॉलेज | 500 | 500 | 500 |
| एलबीएसएम | 565 | 556 | 684 |
| एबीएम कॉलेज | 640 | 00 | 640 |

### तैयारी पूरी लेकिन नामांकन प्रक्रिया आदेश मिलने के बाद ही शुरू होगा

जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ एसपी महालिक ने कहा कि अभी तक कॉलेज को सरकार की ओर से आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। आदेश का पत्र मिलने पर नामांकन के संबंध में विचार किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अन्य कॉलेजों से भी जानकारी लेंगे। इसके अलावा अबतक अनेक बच्चे विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में एडमिशन ले चुके हैं। ऐसे में कॉलेज में इंटरमीडिएट प्रभाग के तीनों संकाय में पर्याप्त संख्या में विद्यार्थियों का दाखिला होगा या नहीं, यह भी देखना जरूरी है।

# भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ श्री मंदिर में विराजे भगवान जगन्नाथ



**PHOTON NEWS ROURKELA :** रथयात्रा का अंतिम पड़ाव शनिवार को रहा। महाप्रभु जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र अपने-अपने रथों से उतरकर श्री मंदिर में पधारे। देवी सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र आसानी से मंदिर में प्रवेश कर गये, लेकिन महाप्रभु के साथ एक और जिज्ञासु घटना हुई।

जब महाप्रभु जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश करने पहुंचे तो मां लक्ष्मी ने श्रीमंदिर का दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद भगवान जगन्नाथ और देवी मां लक्ष्मी के बीच कलह हुआ। महाप्रभु जगन्नाथ से देवी लक्ष्मी नाराज हो गयीं। नाराजगी का कारण यह था कि भगवान गुंडिचा मौसी की रथ यात्रा पर देवी लक्ष्मी को साथ क्यों नहीं ले गये।

भगवान जगन्नाथ ने देवी लक्ष्मी से श्री मंदिर में प्रवेश करने देने के लिए अनुरोध किया और उन्हें एक मिष्ठान्न और एक सुंदर साड़ी भेंट की। इस पर मां लक्ष्मी शांत हो जाती हैं। भगवान की क्षमा स्वीकार करती हैं, और श्री मंदिर में प्रवेश करने की अनुमति देती हैं। यह शुभ दिन जगन्नाथ संस्कृति में नीलाद्रि बिज के नाम से प्रसिद्ध है। मंदिर में दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ लगी रही। राउरकेला के सभी मंदिरों में यह प्रक्रिया पूरे विधि विधान से पूरी की गयी।

# कोल्हान प्रमंडलीय बैठक में बूथों के सशक्तीकरण पर भाजपा ने दिया जोर

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है. शनिवार को जमशेदपुर में भाजपा की कोल्हान प्रमंडलीय बैठक बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में संपन्न हुई. बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ साल पूरे होने पर पिछले एक महीने से चल रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की गई. बैठक में कार्यकताओं को आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में बड़ी विजय सुनिश्चित करने के लिए कई जरूरी निर्देश दिए गए. बैठक के दौरान महा जनसंपर्क अभियान की अवधि का विस्तार किया गया. इस कोल्हान प्रमंडलीय बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा झारखंड प्रदेश महामंत्री सह बैठक के प्रभारी बालमुकुंद सहाय, प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर महानगर प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू मुख्य रूप से शामिल हुए।

मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बूथ सशक्तीकरण पर जोर देते हुए कहा कि कार्यकर्ता बूथ जीता-चुनाव जीता के लक्ष्य को आत्मसात कर कार्य करें. उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता बूथ स्तर पर प्रत्येक मतदाताओं से अधिक से अधिक संपर्क एवं संवाद करें. रघुवर दास ने कहा कि हमें कोल्हान की दोनों लोकसभा सीट के साथ कोल्हान के सभी विधानसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित करनी है. इसके लिए कार्यकर्ता जनसंपर्क कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के नौ साल की उपलब्धि एवं योजनाओं की जानकारी शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से मिलकर दें।

# स्कूल में चिप्स खाने के बाद बेहोश हुई कक्षा 9वीं की छात्रा, एमजीएम अस्पताल में इलाज के दौरान मौत



अस्पताल में मृत पड़ी छात्रा व विलाम करते परिजन। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** आदिवासी प्लस 2 हाई स्कूल सीतारामडेरा में पढ़ने वाली 9वीं की छात्रा कृतिका कुमारी (14) की शनिवार को मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार वह हर दिन की तरह शनिवार को भी स्कूल आयी थी।

इस दौरान स्कूल में चिप्स खाया इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और कुछ देर में ही वह बेहोश हो गयी। स्कूल के शिक्षकों ने पहले उसके चेहर पर पानी डाल कर उसे ठीक करने की कोशिश की लेकिन जब वह होश में नहीं आयी तो शिक्षक उसे इलाज के लिए एमजीएम लेकर आए। जहां कृतिका ने दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना पाकर कृतिका के परिजन एमजीएम अस्पताल पहुंचे लेकिन जब तक कृतिका मर चुकी थी इसकी वजह से परिजन रोते विलखते नजर आए। वहीं डाक्टरों ने बताया कि मौत किस वजह से हुई है इसका पता पोस्टमार्टल से ही चलेगा। लेकिन पहली नजर में यह फूड प्वाईजनिंग का मामला लगता है।

### पहले पेट दर्द हुआ फिर बेहोश हो गयी

कृतिका के क्लास में पढ़ने वाली छात्राओं ने बताया कि वह एक क्लास होने के बाद कृतिका अपने बैक से चिप्स निकालकर खाने लगी। इसके बाद उसने पेट में दर्द होने की बात की और कुछ देर में ही वह बेहोश हो गयी। इसकी सूचना छात्राओं ने शिक्षकों को दी इसके बाद शिक्षक आनन फानन में कृतिका को एमजीएम अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू ही किया था कि कृतिका ने दम तोड़ दिया।

### मृत बेटी को गले लगा रोते नजर आए परिजन

छात्रा कृतिका कुमारी सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के न्यू ले आउट एरिया की रहनेवाली थी और पढ़ने में अच्छी थी। कृतिका के बीमार होने की सूचना मिलते ही उसे माता-पिता व अन्य परिजन एमजीएम अस्पताल पहुंचे। लेकिन जैसे ही बेटी के मौत की सूचना मिली सभी बिलख का रोने लगे। मां तो बेटी को गले लगा लिया। इस घटना को देखकर वहां मौजूद शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्राएं भी रोती नजर आयीं।

## विधायक SARYU RAI ने प्रेस वार्ता कर रामार्चा पूजा की दी जानकारी

# रामार्चा पूजा को लेकर तैयारी पूरी, 3 जुलाई को पूजा और 4 जुलाई को होगा महाप्रसाद का वितरण



प्रेस वार्ता कर मीडिया को जानकारी देते विधायक सरयू राय व उपस्थित अन्य। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने रविवार से शुरू हो रहे रामार्चा पूजा को लेकर शनिवार को एक प्रेस वार्ता में बताया कि पूजा की पूरी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने बताया की 3 जुलाई को बारीडीह स्थित विधायक कार्यालय में पूजा शुरू होगा। और 4 जुलाई को प्रसाद का वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष गुरू पूर्णिमा के दिन रामार्चा पुजा का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि पूजा के अगले दिन सावन माह की शुरूआत होती है।

उन्होंने कहा कि इस दिन रामार्चा पुजा को भगवान शंकर का रूद्राभिषेक होता है और दोपहर से रात तक प्रसाद का वितरण किया जाता है। पूजा में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक लोगों तक निमंत्रण पत्र भेजा गया है। उन्होंने बताया कि पूजा में शामिल होने के लिए किसी से भी विशेष आग्रह नहीं किया जाता है, लोग इसकी सूचना मिलने पर अपनी स्वेच्छा से इस पूजा में शामिल होने व प्रसाद ग्रहण करने के लिए आते है। विधायक ने बताया कि इस पूजा में भगवान श्रीराम के साथ-साथ भगवान के सभी परिवार के लोग, वन यात्रा के दौरान उनके साथ देने वाले तथा रावण को युद्ध में परास्त करने तक जो भी इनके सहयोगी रहे उन सभी की पूजा होती है। उन्होंने कहा कि इस पुजा की यही विशेषता है। उन्होंने बताया कि पूजा में स्थानीय पुरोहित विनोद पांडेय, बेगूसराय के पंडित रविकांत ठाकुर का अहम योगदान रहता है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष शहर के सभी मंदिरों के पुजारियों को भी निमंत्रण भेजा गया है। साथ ही बताया कि प्रेस मिडिया को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि मिडिया के सहयोगी मित्र भी इस पूजा के अंग है। पूजा में सभी लोग अपनी स्वेच्छा से बैठ कर अनुष्ठान कर सकते है। उन्होंने बताया कि 4 जुलाई को दिन के दिन12:30 बजे से लेकर रात 11 बजे तक महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजमो केंद्रीय उपाध्यक्ष राम नारायण शर्मा, जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, महासचिव कुलविंदर सिंह पन्नु, चंद्रशेखर राव, मंजु सिंह, सुधीर सिंह, आकाश शाह, प्रकाश कोया, गणेश चंद्र सहित अन्य उपस्थित थे।

## BRIEF NEWS

### चिकित्सक दिवस पर डीबीएमएस कॉलेज की ओर से चिकित्सकों को किया गया सम्मानित

**JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर चिकित्सक दिवस पर डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन के रोटरेक्ट क्लब द्वारा शनिवार को वीणा पाणि कदमा स्थित चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की टीम ने वीणा पाणि नर्सिंग होम में जाकर डॉक्टरों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले चिकित्सकों में डॉ. सारंगी ,डॉ. मोहरी, और डॉ. सामंत शामिल थे। इस अवसर पर मेडिकल स्टाफ और नर्स को भी सम्मानित किया गया। क्लब की मॉडरेटर अंजलि गणेशन ने इस कार्यक्रम का संचालन और नेतृत्व किया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष हर्षा मोदी, तथा सदस्य काजल गहलोत, शुभम, मनोज आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में वीरेंद्र पांडे और ललित किशोर ने महत्वपूर्ण सहयोग किया। रोटरेक्ट क्लब डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन की श्रीमती अंजलि गणेशन के नेतृत्व में लगातार विभिन्न प्रकार के सामाजिक सेवा का कार्य वर्षों से होता रहा है। चिकित्सकों ने रोटरेक्ट क्लब के सभी सदस्यों को और अंजलि गणेशन को इस सेवा के लिए विशेष रूप से अपना आभार व्यक्त किया।

### भारतीय स्टेट बैंक के 68वें स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**JAMSHEDPUR :** भारतीय स्टेट बैंक के 68वें स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक शाखा में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय प्रबंधक क्षेत्र- 4 सुनील कुमार आजाद, सहायक महाप्रबंधक आरएसीपीसी दीपक कुमार, सहायक महाप्रबंधक एसएमईसीसी कविता कुमारी, सहायक महाप्रबंधक जमशेदपुर शाखा नवतेज विक्रम एवं आडिट के लिए आए सहायक महाप्रबंधक सुशांत कुमार पटनायक ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर-के की। कार्यक्रम में बताया गया कि फर्स्ट जुलाई 1955 में भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना हुई थी। कार्यक्रम में बताया गया कि दो वर्षों के कोविड महामारी के पश्चात फिर से दोबारा रक्तदान शिविर को शुरू किया गया है। शनिवार को लगे शिविर में 32 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बैंकिंग के अलावा समाज में रक्तदान जागरुकता का संदेश देना था।आयोजन को सफल बनाने में टी.शशि कुमार, नंदु विराम राठौड़, सौरभ चटर्जी, सरोज कुमार राय, अमित कुमार, मनोज कुमार, विनय कुमार वर्मा, रविशंकर, कृष्णा सिंह, प्रहलाद लागुरी, रविनंदन प्रसाद, कृष्ण कुमार अग्रवाल, अनुप दास, निशांत राज चौधरी, कमलेश राम, समरेस सिंह, हरेंद्र कुमार सिंह, रजनीश रंजन, संजय राय, अनीता राय, प्रज्ञा श्री, रींटु कुमार रजक, एवं भारतीय स्टेट बैंक प्रबंधन ने सक्रिय रुप से भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया ।

### बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए राउरकेला से रवाना हुई टोली

**ROURKELA :** शहर के संकट मोचन मंदिर से बाबा बफार्नी (अमरनाथ) यात्रा के लिए शुक्रवार सुबह गणेश जयसवाल, रतन चौधरी, विकास कछुआ, विवेक साहू की टोली कार से रवाना हुई। यह टोली आज शाम को काशी विश्वनाथ पहुंचकर भगवान शिव का दर्शन करेगी। इस बाद यह टोली वृंदावन मथुरा के लिए निकलेगी। वहां दर्शन करके यह टोली अमरनाथ पहुंचेगी। 5 तारीख को 6 तारीख को सुबह भोले बाबा का दर्शन करके को शाम को बालटाल पहुंचेगी। 7 जुलाई को वैष्णो देवी का दर्शन करने के लिए निकलेंगे। वैष्णो देवी का दर्शन करके अमृतसर गोल्डन टेंपल दर्शन करेंगे। वहां से राजस्थान के लिए प्रस्थान करेंगे। राजस्थान में झुंझुनू धाम,सालासर बालाजी, खाटू श्याम बाबा के दर्शन करके वापस राउरकेला लौटेंगे।

### विधायक सरयू राय ने बरसात में जल जमाव की स्थिति को लेकर पूर्वी विधानसभा क्षेत्रों का किया दौरा

**JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने शनिवार सुबह बरसात में जल जमाव की स्थिति न हो, उसीके निरीक्षण में पूर्वी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बाराद्वारी, गंगोत्री कॉम्प्लेक्स आदि क्षेत्रों का का भ्रमण कर स्थितियों के बारे में जाना । इसके बादविधायक ने जिला प्रशासन, जमशेदपुर अक्षेस और टाटा स्टील यूआईएसएल के अधिकारियों से कहा है कि जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में स्थित बड़े नालों और उसके सहायक नालों का प्रबंध करने के लिए अल्प अवधि और दीर्घ अवधि का कार्यक्रम तय करें और उसपर अमल करें। इस बारे में उन्होंने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त और जमशेदपुर अक्षेस के विशेष पदाधिकारी से अलग अलग बैठक की और जुस्को के महाप्रबंधक से दूरभाष पर वार्ता भी की। उन्होंने कहा है कि नालों की सफाई को वे मानसून के समय नहीं जोड़ें बल्कि उसे साल भर चलने वाला अभियान से जोड़ें। दीर्घ अवधि के कार्यक्रम के रूप में वे सभी चिन्हित स्थानों पर ठोस कार्य करें, ताकि परसों की तरह फिर वहाँ से बस्तियों के घरों में पानी नहीं घूसे और दीर्घ अवधि कार्यक्रम के रूप में वे साल भर की योजनाएं बनाएं ताकि सभी नालों में गार्डवाल खड़ा किया जा जाए। उन्होंने कहा कि जहाँ तक हो सके बड़े नालों को ढकने का कार्यक्रम किया जाना चाहिए । उन्होंने कहा है कि पिछले दिनों बारिश के चलते जहां- जहां पानी घूसा है, वहां नालों के किनारे तुरंत गार्डवाल बनाया जाए और वहाँ नालों को गहरा किया जाय। साथ ही कहा कि जिन स्थानों पर लोग अपने घरों का कुड़ा कचरा नाले में फेंकते हैं, उसे तुरंत बंद किया जाय। इस संबंध में विधायक ने उपायुक्त से कहा है कि जितना जल्दी हो सके वे बरसात के पहले नालों से संबंधित हो रही समस्या को दूर करने के लिए जमशेदपुर अक्षेस और टाटा स्टील यूआईएसएल तथा टाटा स्टील के सक्षम पदाधिकारियों के साथ एक बैठक बुलाएं। पूरी लम्बाई में नालों का स्कैच बनवाएं और गार्डवाल बनाकर ढकने की योजना पर काम शुरू कराएं । साथ ही वर्ष 2023 को जमशेदपुर में नाला अधारित विकास कार्यक्रम तय कराएं तथा बस्तियों में जो नालियां और गलियां हैं, उनकी सफाई का सप्ताहिक कार्यक्रम जमशेदपुर अक्षेस और टाटा स्टील यूआईएसएल बनवाए। साथ ही सुनिश्चित करे कि इलाका चाहे जमशेदपुर अक्षेस का ही हो इस बरसात में सफाई और जल निकासी की पूरी व्यवस्था किया जाय। उन्होंने कहा कि उनके साथ काम करने वाले जितने भी कार्यकर्ता हैं, वे रविवार को दिनभर क्षेत्र में घुमकर इसबारे में अधिक सूचना संग्रह करने का कार्य करेंगे।

### गोविंदपुर में बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना

**JAMSHEDPUR :** गोविंदपुर थाना अंतर्गत हाउसिंग कॉलोनी हनुमान मंदिर के पास क्वार्टर नंबर 102/2/1 में चोरों ने हाथ साफ कर दिया. उक्त क्वार्टर अरुण सिंह का है. अरुण सिंह अपने परिवार संग बेटी के पास दिल्ली गए हुए है. शनिवार को पड़ोसियों ने उनके घर का ताला टूटा देख उन्हें फोन पर संपर्क कर घटना की जानकारी दी. सूचना पाते ही अरुण सिंह दिल्ली से जमशेदपुर के लिए रवाना हो चुके है. अरुण सिंह टाटा मोटर्स से सेवानिवृत है. पड़ोसियों ने अनुसार अरुण कुछ दिनों पूर्व ही अपनी बेटी के पास दिल्ली गए है. शनिवार सुबह उनके घर का ताला टूटा हुआ दिखाई दिया. अंदर जाने पर घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था. हालांकि, घर से कितने की चोरी हुई है यह गृहस्वामी के शहर आने पर ही पता चल पाएगा.

### जमशेदपुर : रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मनाया गया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

**JAMSHEDPUR :** रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शनिवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया गया. इस दौरान नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर समाज में चिकित्सकों की भूमिका और उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भी बातें विद्यार्थियों के बीच रखी गई. विद्यार्थी सायन मुखर्जी, विकास भगत और लिलिमा भगत ने उपरोक्त विषय पर अपने विचारों को व्यक्त किया. कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत प्रोग्राम समन्वयक डॉक्टर भूपेश चांद के निर्देशन में आयोजित किया गया था. इस अवसर पर सभी व्याख्यातागण उपस्थित थे. व्याख्याता जय श्री पांडा ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई. नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी पर डॉक्टर कल्याणी कबीर ने भी अपने विचार रखे।

# तीन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

## बांका में जोरदार, समस्तीपुर-मधुबनी में हल्की बारिश, अगले 5 दिनों तक मेहरबान रहेगा मानसून

**पटना।** बिहार में मानसून का असर अब पूरी तरीके से सभी जिलों में देखने को मिल रहा है। इस सीजन में अब तक सबसे ज्यादा बरिश पूर्णिया के अमौर में 172.6 मिमी और खगड़िया के बालतारा में 147.8 मिमी हुई है। बीते दो दिनों में वज्रपात से 9 लोगों की जान चली गई। बांका में मूसलाधार बारिश शुरू हो गई है। समस्तीपुर और मधुबनी में सुबह से रुक-रुक कर हल्की बारिश हो रही है। राजधानी मौसम विभाग ने शनिवार को पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और अररिया में भारी बारिश होने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में हल्की बारिश होने का अलर्ट है। अगले पांच दिनों तक सूबे में झमाझम बारिश होने की संभावना मौसम विभाग की तरफ से जताई गई है। दक्षिण-पश्चिम मानसून जून महीने में बिहार से रुठा रहा, लेकिन महीने के अंतिम दो दिनों में राज्य के कई हिस्सों में अच्छी बारिश हुई। अब मानसून की सक्रियता बढ़ने से पटना समेत अन्य जिलों में झमाझम बारिश का दौर शुरू होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग की माने तो मानसून फिलहाल उत्तर पश्चिमी राजस्थान से लेकर नागालैंड तक फैला हुआ है। इससे जुड़ा एक चक्रवाती परिसंचरण का क्षेत्र दक्षिण उत्तर प्रदेश, दक्षिण बिहार और हिमालयी क्षेत्र तक विस्तृत है। इसके प्रभाव से पटना समेत राज्य भर में कहीं मूसलाधार, कहीं भारी तो कहीं मध्यम से आंशिक बारिश अगले चार से पांच दिनों तक होगी। शुक्रवार को नवादा में वज्रपात से तीन युवकों की हो गई है। मृतकों में आनंदी सिंह के बेटे मोनू कुमार(22), देवनारायण सिंह के बेटे अजय कुमार (20) और अनिल झा का 19 साल का बेटा सोसा कुमार शामिल हैं। सभी लोग खेत में काम करने के दौरान वज्रपात की चपेट में आ गए। इससे पहले गुरुवार को 8 लोगों की मौत हुई। बारिश में खेलने के दौरान शेखपुरा के राजोपुर गांव निवासी चंदन (8) और कबीरपुर गांव की बिपाशा (12) और जमुई के सिकंदरा निवासी दिलखुश (14) आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए, इससे इनकी मौत हो गई। वहीं वज्रपात की चपेट में आने से फतेहपुर (गया) में किसान रामविलास यादव (50), हसनपुरा (सीवान) में वार्ड सदस्य चंद्रावती देवी (45) और पैना गांव (मधेपुरा) के मो. रेहान (35) की जान चली गई। मौसम विभाग ने लोगों से अपील कि है कि खराब मौसम के दौरान अपने पशुधन और खुद बाहर निकलने से बचें। मौसम साफ होने पर अपने काम को संपादित करे। आंधी के दौरान संवेदनशील संरचनाओं से दूर रहें और मेघ गर्जन के दौरान पौधे के नीचे शरण न लें। ओलावृष्टि के समय सुरक्षित स्थान पर जाकर बैठ जाएं।





## संक्षिप्त डायरी

### ब्रेक वाइंडिंग की वजह से ट्रेन से निकला धुआं, दरभंगा से नई दिल्ली जा रही थी ट्रेन



**दरभंगा।** बिहार संपर्क क्रांति सुपरफास्ट ट्रेन में शनिवार को ब्रेक वाइंडिंग की वजह से अचानक धुंआ निकलने लगा। यह हादसा थलवारा स्टेशन से कुछ ही दूरी पर हुआ। जहां धुआं निकलता देख ड्राइवर ने तुरंत गाड़ी को रोक दिया। जिसके बाद लोको पायलट ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए इसे तत्काल बंद कर दिया। इस घटना की पुष्टि समस्तीपुर रेल मंडल के डीआरएम ने की है। घटना के संबंध में बताया जा रहा कि ट्रेन दरभंगा से चलकर नई दिल्ली को जा रही थी। उसी क्रम में थलवारा स्टेशन से कुछ ही दूरी पर र2 बोगी में ब्रेक वाइंडिंग से धुआं निकलने लगा। जिसे देखकर ट्रेन में सवार लोगों के बीच हड़कंप मच गया। जिसके बाद ट्रेन के चालक द्वारा गाड़ी को रोका गया और धुआं पर काबू पाया गया। करीब 15 मिनट तक गाड़ी ठहरी रही। रेलवे की ओर से बताया गया कि ट्रेन में आग नहीं लगी थी। बल्कि ब्रेक बाइंडिंग से धुंआ निकला था। वही समस्तीपुर रेल मंडल के डीआरएम आलोक अग्रवाल ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि थलवारा स्टेशन के पास बिहार संपर्क क्रांति सुपरफास्ट के कोच संख्या र2 में ब्रेक वाइंडिंग की वजह से धुआं निकला था। इस धुएं पर फौरन काबू पा लिया गया था। करीब 15 मिनट तक ट्रेन खड़ी रही। स्थिति सामान्य होने के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया। यात्रियों के बीच कोई अफरा-तफरी की स्थिति नहीं बनी थी। वही उन्होंने कहा कि चक्का के बीच में ब्रेक शू के सटने की वजह से कई बार ऐसा हो जाता है।

### जमुई में स्कॉर्पियो की टक्कर से युवक घायल:बांका जिला परिषद की गाड़ी ने मारी टक्कर, अस्पताल में भर्ती



**जमुई** । रात झाझा के दादपुर हॉल्ट और पेट्रोल पंप के बीच स्कॉर्पियो ने एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। युवक गंभीर रूप से घायल हो गाया। स्थानीय लोगों और समाजसेवी द्वारा उसे इलाज के लिए झाझा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्कॉर्पियो की टक्कर से युवक के सिर में गंभीर चोट लगी है। घायल युवक की पहचान झाझा थाना क्षेत्र के ताराकुडा इलाके के राजकुमार तुरी (18) के रूप में हुई है। समाजसेवी गौरव सिंह राठौड़ ने बताया कि निजी काम से मैं बाजार आया था। सूचना मिली कि दादपुर हॉल्ट और पेट्रोल पंप के बीच सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। अचेत अवस्था में सड़क किनारे पड़ा है। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर युवक को एंबुलेंस से इलाज के लिए झाझा अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान सड़क पर बालू लदे भारी वाहन के कारण सड़क जाम थी। कुछ समय बाद 112 नंबर की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। स्थानीय लोगों ने स्कॉर्पियो को पकड़ लिया था। स्कॉर्पियो सवार लोगों ने बताया कि गाड़ी बांका के जिला परिषद राजेंद्र दास की है। हम लोग बांका से गिद्धौर आ रहे थे। बांका के पूर्व सांसद पुतुल सिंह के यहां एक कार्यक्रम में शामिल होना था। फिलहाल जिला परिषद के लोगों द्वारा घायल युवक का इलाज कराया जा रहा है।

### दरभंगा के शाहिद स्थल को लेकर विकास की मांग: जिले का एक मात्र शाहिद स्थल है रतनपुरा, 18 अगस्त को भी होता है झंडोतोलन

**दरभंगा।** बना एकमात्र शहीद स्थल आज भी उपेक्षित पड़ा हुआ है। यहां मूर्तियां टूटी हुई है। इस स्थल का ढंग से विकास नहीं हुआ है। बैठने के लिए बनाई गई बेंच सहित शाहिद की मूर्तियों में भी दरार आ गई है। शहीद स्थल के विकास के लिए लोग लगातार मांग कर रहे हैं। बार-बार प्रशासन पर सवाल उठा रहे हैं कि आखिर शहीदों के साथ ऐसा क्यों किया जा रहा है। इसी क्रम में रतनपुर गांव के केशव ठाकुर ने जिला लोक शिकायत निवारण अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराई है। आपको ज्ञात हो की स्वतंत्रता आंदोलन में वर्ष 1942 के दौरान दरभंगा जिला के जाले पखंड के रतनपुर पंचायत ने 18 अगस्त को ग्रामीणों और अंग्रेज पलटन के बीच हुई थी। गुठभेड़ में रतनपुर गांव के ही प्रदीप ठाकुर और बिलट दर्जी अंग्रेजों की गोली से शहीद हो गए थे और गांव के कई लोग घायल हुए थे, जिनकी बाद में मीत हो गए श्री शाहिद चौक के विकास व संवर्द्धन को लेकर सरकार की ओर से आज तक कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई। यहां पर पर्यटकों आदि के बैठने के लिए शेड तक का अभाव है और शहिदों का प्रतिमा भी कई जगह से टूट गया है।

## स्पेशल ट्रेनों के परिचालन में बढ़ोतरी: मुजफ्फरपुर से गुजरने वाली 6 ट्रेनों का बढ़ा फेरा



**पटना।** मुजफ्फरपुर समेत उत्तर बिहार से गुजरात, मुंबई समेत अन्य प्रदेश में जाने वाले यात्रियों के लिए रेलवे की ओर से स्पेशल ट्रेन के परिचालन में बढ़ोतरी की गई है। अब उत्तर बिहार के रास्ते से जाने वाली आधा दर्जन ट्रेनों के फेरे में वृद्धि की गई है। इसको लेकर रेलवे की ओर से सूचना भी जारी की गई है। इसमें बताया गया है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे द्वारा कई समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इन स्पेशल ट्रेनों के प्रति यात्रियों की सकारात्मक प्रतिक्रिया एवं यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा पिछले दिनों कई स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधि में विस्तार किया गया था। इसी क्रम मे अन्य समर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। इनमें 05537 दरभंगा-अजमेर स्पेशल दरभंगा से दिनांक 27 सितंबर तक प्रत्येक बुधवार को चलेगी ।- 05538 अजमेर-दरभंगा स्पेशल अजमेर से 28 सितंबर तक प्रत्येक गुरुवार को चलेगी।- 09061 मुंबई सेंट्रल-बरौनी स्पेशल मुंबई सेंट्रल से 29 सितंबर तक प्रत्येक मंगलवार को चलेगी।- 09062 बरौनी-मुंबई सेंट्रल स्पेशल बरौनी से 31 अक्टूबर तक प्रत्येक गुरुवार को चलेगी ।- 09421 अहमदाबाद-दरभंगा स्पेशल अहमदाबाद से 28 अक्टूबर तक प्रत्येक सोमवार को चलेगी ।- 09422 दरभंगा-अहमदाबाद स्पेशल दरभंगा से 30 अक्टूबर तक प्रत्येक गुरुवार को चलेगी । - 09413 अहमदाबाद-समस्तीपुर स्पेशल अहमदाबाद से 29 सितंबर तक प्रत्येक मंगलवार को चलेगी ।- 09414 समस्तीपुर-अहमदाबाद स्पेशल दरभंगा से 31 अक्टूबर तक प्रत्येक गुरुवार को चलेगी ।- 09033 उधना-बरौनी स्पेशल उधना से 30 अक्टूबर तक प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को चलेगी ।- 09034 बरौनी-उधना स्पेशल बरौनी से 01 सितंबर तक प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को चलेगी ।

### अश्विनी चौबे ने शिक्षा मंत्री को कहा- मूर्ख

**पटना।** मोदी सरकार के कार्यकाल के 9 साल पूर्ण होने पर दरभंगा जिला के बहेड़ी प्रखंड में एक जनसभा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी चौबे और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह शामिल हुए। शिक्षा मंत्री के विषय में पूछने पर अश्विनी चौबे ने कहा कि किसने इन्हें शिक्षा मंत्री बना दिया। ये तो मूर्ख हैं। अश्विनी चौबे ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव व बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर हमला करते हुए कहा कि यह पलटू राम और उलटू राम और उनके पुत्र सलटू राम हैं। इन सभी को आगामी चुनाव में सभी लोग मिलकर सलटायेंगे। जब तक यह पलटू राम का उलटू राम समूचा चारा उल्टी नहीं कर देता, तब तक उलटू राम को भुगतना ही पड़ेगा। जब उलटू राम सारा चारा उल्टी कर देगा।

## अवैध संबंध में भांजी की किडनैपिंग, हत्या की थी प्लानिंग

**समस्तीपुर।** एक मौसी ने अपनी ही बहन की 10 साल की बेटी का अपहरण किया। इतना ही नहीं बच्ची को मार डालने की साजिश थी। मौसी ने अपने प्रेमी का बदला लेने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया। दरअसल आरोपी महिला शादीशुदा है। उसका पड़ोसी के साथ अवैध संबंध है, जिसका बच्ची के पिता ने विरोध किया था। उसने प्रेमी की पिटाई भी की थी, जिसका बदला दोनों आरोपी लेना चाहते थे। किडनैपिंग के बाद बच्ची को अलग-अलग जगह पर रखा जा रहा था। पुलिस की तत्परता से बच्ची को अपहरण के तीन दिन में सकुशल बरामद कर लिया गया। मामला वारिसनगर थाना क्षेत्र के रहुआ गांव का है, जहां 26 जून की शाम बच्ची का अपहरण हुआ था। पुलिस ने गुरुवार की देर रात बच्ची को मुसरीघरारी थाना इलाके से एक खेत से बरामद किया। दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रहमतपुर निवासी कुंवर पासवान की पत्नी रूबी देवी और सुवालाल राय के पुत्र सुरेन्द्र राय के रूप में हुई है। रूबी रिश्ते में बच्ची की मौसी लगती है। दोनों का घर वारिसनगर थाना क्षेत्र के रोहुआ गांव में आस पास है। रूबी शादीशुदा है और उसका सुरेन्द्र कुमार से अवैध संबंध था। पिछले कई सालों से दोनों के बीच प्रेम संबंध चल रहा था। रूबी के बहनोई को जब इस अवैध संबंध के बारे में जानकारी हुई तो वह उसका विरोध करने लगे। बच्ची के पिता को पता था कि सुरेन्द्र उसकी मौसी के घर अक्सर अकेले में आता जाता है। उन्होंने आरोपी प्रेमी सुरेंद्र राय के साथ मारपीट भी की थी, यहीं से शुरू हुई अपहरण और हत्या की साजिश। पिटाई से आहत सुरेन्द्र ने अपनी प्रेमिका रूबी के साथ मिलकर इस अपमान और संबंधों को छिपाने की साजिश रची। दोनों ने मिलकर बच्ची के अपहरण का प्लान बनाया। प्रेमी सुरेन्द्र के कहने पर रूबी 26 जून को नाबालिग के घर गई। उसने कहा कि वो बच्ची को नया चप्पल दिलाने के लिए बाजार लेकर जा रही है। इसके बाद बच्ची घर नहीं लौटी। इसके बाद बच्ची के दादा उपेंद्र पासवान ने वारिसनगर में थाना में रूबी पर शक जाहिर करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस एक्टिव हुई और तीन दिन बाद बच्ची को रुबी और सुरेन्द्र के साथ मुसरीघरारी थाना इलाके से बरामद कर लिया।



## कर्ज चुकाने के लिए चोरी की.. दादी-पोता ने पहचाना तो मर्डर

**नालंदा** । 27 जून को हुए डबल मर्डर का केस पुलिस ने सुलझा लिया है। आरोपी ने क्राइम सीरियल देखकर दोस्त के घर चोरी की घटना को सफाई से अंजाम देने की कोशिश की। लेकिन घर में मौजूद बुजुर्ग महिला और बच्चे ने सब कुछ देख लिया। पकड़े जाने के डर से आरोपी रविकांत ऊर्फ झुन्नू ने दोनों की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। घटना परवलपुर थाना इलाके के करण बीघा गांव की है। एसपी ने बताया कि 27 जून की शाम सूचना मिली कि करण बीघा गांव में चार साल के बच्चे और उसकी दादी (70) की डेड बॉडी मिली थी। उनकी हत्या की गई थी। पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। आस पड़ोस के लोगों से पूछताछ से मिली जानकारी के बाद पुलिस को रविकांत पर शक हुआ। इसके बाद पुलिस ने रविकांत को उठाया। पहले तो रविकांत पुलिस को भटकाता रहा, लेकिन सख्ती के बाद वो टूट गया और जुर्म कबूल कर लिया। उसकी निशानदेही पर लूटे गए सामान को भी बरामद कर लिया। रविकांत का कहना है को वो कर्ज में था। वो जल्दी से जल्दी इस बोझ से दूर होना चाहता था। लिहाजा, उसने अपने दोस्त अंजनी पटेल के घर चोरी का प्लान बनाया। अंजनी पटेल के घर उसका आना जाना था, लिहाजा उसे घर के बारे में सारी जानकारी थी। गहने और कैश कहां रखे हैं, उसे सब पता था। रविकांत ने बताया कि चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद दोस्त के चार साल के बेटे और दादी ने देख लिया। राज खुल ना जाए, इसलिए उसने दोनों की हत्या कर दी। आरोपी को जब पकड़ कर पुलिस पूछताछ कर रही थी तो उसने अंजनी पटेल के बहनोई को ही फंसाने का प्रयास किया। उसने अपने बयान में बताया कि 1 लाख रुपए अंजनी पटेल के बहनोई ने बच्चे और महिला की हत्या के लिए दिए थे। आरोपी से पूछताछ में यह भी बात सामने आई है कि उसने क्राइम सीरियल देखकर वारदात को अंजाम देने का प्लान बनाया था। वो घटना स्थल पर मोबाइल लेकर नहीं गया। उसकी सोच थी कि इससे वो नहीं पकड़ा जाएगा। दो हत्या के बाद भी किसी को शक न हो इसलिए वो लगातार पीड़ित परिवार के टच में रहा।



# पटना में शिक्षक अभ्यर्थियों का प्रदर्शन, 18 हिरासत में

## नियमावली में बदलाव का विरोध, डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग, पथराव के बाद पुलिस का लाठीचार्ज



पटना। बिहार में 1.70 लाख शिक्षकों की होने वाली भर्ती में दूसरे राज्यों के अभ्यर्थियों को मौका देने के बाद से शनिवार को पटना में बवाल मचा। बिहार के शिक्षक अभ्यर्थी लगातार नियमावली में संशोधन का विरोध कर रहे हैं। पटना में शिक्षक बहाली में डोमिसाइल नीति लागू कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थी सड़क पर उतर गए। शनिवार की सुबह 2000 से अधिक की संख्या में अभ्यर्थी सबसे पहले गांधी मैदान में इकट्ठा हुए। फिर हाथों में तिरंगा लिए पैदल मार्च किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें जेपी गोलंबर के बाद रोक दिया। पुलिस के समझाने के बाद भी शिक्षक अभ्यर्थी प्रदर्शन कर रहे थे। जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। आक्रोशित शिक्षक अभ्यर्थियों ने पथराव शुरू कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें खदेड़ा। डाक बंगला चौराहे से पुलिस ने उन्हें पटना जंक्शन तक खदेड़ा है। पुलिस ने 18 शिक्षक अभ्यर्थियों को हिरासत में लिया है, इनमें 2 महिलाएं हैं। सभी को कोतवाली थाना ले जाया गया है। दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थियों का प्रदर्शन खत्म हो गया। सभी वापस लौट गए। पुलिस ने पहले से बैरिकेडिंग कर रखी थी। ताकि अभ्यर्थियों को इससे आगे बढ़ने नहीं दिया जाए। फिर हल्का बल प्रयोग कर सभी को पीछे खदेड़ दिया। फिर सेंट जेवियर स्कूल, गांधी मैदान के पास लाठी चार्ज किया गया।



अभ्यर्थी सरकार के खिलाफ लगातार नारेबाजी कर रहे हैं। साथ ही शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं। अभ्यर्थियों की मांग है कि डोमिसाइल नीति को फिर से लागू किया जाए। नई शिक्षक नियमावली के विरोध में शिक्षक अभ्यर्थी शनिवार को पटना की सड़क पर उतर गए और जमकर प्रदर्शन करने लगे। राजभवन मार्च के लिए शिक्षक अभ्यर्थी पहले गांधी मैदान में जमा हुए। करीब 2000 से अधिक शिक्षक अभ्यर्थी हाथों में तिरंगा लेकर राजभवन की ओर बढ़ रहे थे कि जेपी गोलंबर के पास पुलिस ने उन्हें रोक लिया गया। अभ्यर्थी आगे न जा पाए इसके लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी थी। अभ्यर्थी बिहार सरकार के विरोध में नारेबाजी करने लगे। उनका कहना है कि बिहार सरकार जल्द से जल्द डोमिसाइल नीति लागू करें। इससे रोड पर अफरातफरी मच गई। कई अभ्यर्थी चोटिल हो गए। शिक्षक अभ्यर्थी बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। बता दें कि शिक्षा विभाग ने पहले ही शिक्षक अभ्यर्थियों के प्रदर्शन को देखते हुए एक आदेश जारी किया था। इसमें कहा गया था कि नई शिक्षा नियमावली का विरोध करने वालों के खिलाफ आचार संहिता के तरह कार्रवाई की जाएगी। इसके पहले शिक्षक अभ्यर्थियों ने बिहार सरकार को डोमिसाइल नीति लागू करने के लिए 72 घंटे का अल्टीमेटल दिया था। उनका कहना था कि अगर बिहार सरकार बीपीएससी द्वारा ली जाने वाली शिक्षक भर्ती परीक्षा में डोमिसाइल नीति खत्म कर दिया गया। इसलिए सरकार जल्द से जल्द इस नीति को लागू करे। रोहतास, दरभंगा, मधुबनी, नालंदा, सुपौल, सहरसा समेत कई जिलों से आए शिक्षक अभ्यर्थी ने कहा कि हमलोग बिहार सरकार के हर मंत्री और विधायक को घरेंगे। इनलोगों ने हमारी डोमिसाइल नीति खत्म कर दी। यह बिहार का अपमान है। बिहार के बच्चों को गरीब और मजदूर बनाने के लिए यह तुगलकी फरमान जारी किया है। यह काला कानून गलत है। मुख्यमंत्री जी से हमलोग मिलकर बात करना चाहते हैं कि हमारी डोमिसाइल नीति लागू करें। और हमलोग पटना हाईकोर्ट से अपील करते हैं कि हमारी सुरक्षा करें।

# हिंसा की लपटों में फ्रांस

फ्रांस इस समय दुनिया की सुर्खियों में है। देशभर में लोग हिंसक और उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं। मैंक्रो सरकार हाशिये है। प्रदर्शन तेज होता जा रहा है। निश्चित रूप से सारे घटनाक्रम की वजह फ्रांस की पुलिस और वहां का असहिष्णु कानून है। ट्रैफिक नियमों का कथित रूप से अनुपालन न करने पर एक किशोर को जांच की आड़ में गोली मार दी गई। कारचालक 17 वर्षीय किशोर नाहेल एम पर आरोप था कि उसने वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस पर रिवाल्वर तान दिया था। निश्चित रूप से इसकी जितनी आलोचना की जाए वह कम है। दुनिया भर में मानवीय और उसके अधिकार सर्वोपरि होने चाहिए। मीडिया की खबरों और उसके विश्लेषण से पता चलता है कि पुलिस अपनी नाकामी छिपाने के लिए निर्दोष युवक पर इस तरह का आरोप मढ़ रही है। नाहेल ने अगर ट्रैफिक नियम को तोड़ा था तो उसे दूसरे तरीके से भी सजा दी जा सकती थी। यह जुर्म इतना बड़ा नहीं था कि उसे गोली मार दी जाए। निश्चित रूप से पुलिस ने फ्रांस के लचीले कानून का दुरुपयोग किया है। गोली मारने की यह पहली घटना नहीं है। इसके पूर्व भी कई लोग शिकार हुए हैं। मीडिया मे यह तथ्य भी सामने आए हैं कि पुलिस नस्लीय मानसिकता में भी बेगुनाहों को निशाना बनाती है। फ्रांस एक संप्रभु और लोकतांत्रिक देश है। उसे ऐसे विवादित और कठोर कानून से बचना चाहिए, क्योंकि कानूनी आड़ में इसका दुरुपयोग किया जाता है। सरकार ट्रैफिक नियमों को इतना कठोर बनाकर लोकतांत्रिक अधिकारों का दुरुपयोग कर रही है। अगर पुलिस के आरोप को ही सच मान लिया जाए कि किशोर नाहेल ने ट्रैफिक नियमों का दुरुपयोग किया तो पुलिस उसे सबक सिखाने के लिए दूसरे संवैधानिक अधिकार का भी प्रयोग कर सकती थी। किसी की हत्या इसका समाधान नहीं है। देश के ट्रैफिक नियमों के मुताबिक उसकी गिरफ्तारी हो सकती थी। किशोर अधिनियम के तहत उसे जेल भी भेजा जा सकता था। उसे समझाने की कोशिश भी पुलिस कर सकती थी। वाहन चलाने पर प्रतिबंधित किया जा सकता था। लेकिन सिर्फ क्या जान लेना ही किसी कानून का संरक्षण है। भारत जैसे देश में अगर ऐसे कानून बना दिए जाएं तो यहां पांच मिनट भी नहीं टिक सकते हैं, क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र में आम नागरिकों की सुरक्षा कैसे की जाती है, यह भारत से बेहतर कोई नहीं जानता। यहां हर नागरिक को संवैधानिक अधिकारों के इतर जाकर उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संरक्षण किया जाता है। सुसंगत कानून होने के बावजूद भी लोगों को दंड नहीं दिए जाते। यहां की पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को गांधीगीरी के जरिए गुलाब का फूल भेंट करती है, क्योंकि सिर्फ कानून से देश को नहीं चलाया जा सकता है। भारत में बाल एवं किशोर हितों का पूरा ख्याल किया जाता है। पुलिस के खिलाफ पेरिस के बाहरी हिस्सों में हिंसा भड़क गई है। सरकार स्थिति पर नियंत्रित नहीं कर पा रही है। सरकार और पुलिस में शीतयुद्ध की स्थित है। लोग सड़क पर उतर कर उग्र और हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं। वाहनों को आग के हवाले किया जा रहा है। किशोर की हत्या को लेकर लोगों में बेहद आक्रोश है। मानवाधिकार संगठन इस घटना की कड़ी निंदा कर रहे हैं। हालात को नियंत्रित करना सरकार के लिए मुश्किल हो रहा है। देश के कई हिस्सों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। नाहेल की हत्या करने वाले आरोपित पुलिसकर्मी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना को फ्रांस के राष्ट्रपति मैंक्रो ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने पुलिस की तीखी आलोचना की है। वैसे उनके बयान को लेकर पुलिस संगठनों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और कहा है कि इससे पुलिस का मनोबल गिरेगा। लेकिन देश में बढ़ती हिंसा को रोकने की पहली प्राथमिकता सरकार की है। आक्रोशित लोग प्रदर्शन के दौरान सरकारी इमारतों, पुलिस स्टेशन, स्कूलों और दूसरे संस्थानों को निशाना बना रहे हैं। पुलिस पर आरोप लग रहे हैं कि ट्रैफिक नियमों की जांच के दौरान जानबूझकर निर्दोष किशोर को गोली मारी गई। हालांकि यह जांच विषय है। फ्रांस का गृह मंत्रालय भी पुलिस की करतूत पर बेहद नाराज है। दोषी पुलिस के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की घोषणा किया है। किशोर की मां मानिया इस घटना से बेहद दुखी हैं। नाहेल उनका इकलौता संतान था। घटना के दिन मां से लाड प्यार कर वह निकला था, लेकिन एक घंटे बाद गोली का शिकार बन गया। इस घटना से उसकी मां सदमे में है। उसका आरोप है कि पुलिस ने जानबूझकर उसके बेटे की हत्या की। फ्रांस सरकार ने 2017 में गोली मारने के कानून में ढील देने का फैसला किया था। अब इस तरह का लचीला कानून उसी लिए भारी पड़ रहा है। उस दौरान मानवाधिकार संगठनों ने सरकार से इस कानून को वापस लेने का दबाव बनाया था। फ्रांस के मीडिया के मुताबिक जब से इस कानून में संशोधन हुआ है इस तरह की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अब तक 13 लोग शिकार बने हैं। पुलिस पर यह भी आरोप लग रहा है कि गोलियां काले और अरब के मूल लोगों पर चलाई जाती हैं। इसकी वजह से निर्दोष किशोर की जान गई है। नाहेल का संबंध भी फ्रांसीसी-अल्जीरिया मूल से बताया गया है। फ्रांस सरकार को इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। ट्रैफिक नियमों में तत्काल सुधार किया जाना चाहिए। वाहनों की चेकिंग के लिए गोली चलाने पर प्रतिबंध लगना चाहिए। फ्रांस के आम नागरिक अधिकारों का खुली तरह संरक्षण होना चाहिए। दुनिया भर में लोकतांत्रिक देश में हर हाल में मानवीय अधिकारों का संरक्षण होना चाहिए और ऐसे निर्मम कानून पर रोक लगनी चाहिए। दोषी पुलिसकर्मी को निर्दोष किशोर की हत्या के लिए कठोर दंड दिया जाना चाहिए।

# जन आंदोलन बना जल जीवन मिशन

ANALYSIS

विनोद के पाल

**प्रधानमंत्री के अन्य प्रमुख कार्यक्रमों के तरह ही जल जीवन मिशन गति और पैमाने की दृष्टि से विशिष्ट है। वर्तमान में यह मिशन हर सेकंड पेयजल का एक नया कनेक्शन प्रदान कर रहा है। यह मोटे तौर पर प्रति घंटा 3,600 पानी के कनेक्शनों या प्रति दिन 86,000 से अधिक कनेक्शनों को जलापूर्ति शुरू करने योग्य बना रहा है। इसका मतलब यह हुआ कि प्रतिदिन लगभग 3.5 लाख नागरिकों का जीवन हमेशा के लिए सकारात्मक रूप से बदल रहा है। मैं ऐसे किसी अन्य कार्यक्रम के बारे में नहीं जानता, जो इतनी तेजी से नागरिकों के जीवन को बदल रहा हो। इस मिशन के पूरा होने तक कुल 16 करोड़ परिवारों को पेयजल आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध हो चुकी होगी। यह लगभग 70 करोड़ लोगों को पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के बराबर होगा। यह अमेरिका (33 करोड़), ब्राजील (21 करोड़) और इंग्लैंड (5.6 करोड़) की संयुक्त आबादी के बराबर है। इतना व्यापक है इस मिशन का पैमाना। पांच राज्यों (गुजरात, तेलंगाना, गोवा, हरियाणा और पंजाब) और तीन केंद्र शासित प्रदेशों (अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, दमन एवं दीव तथा दादरा एवं नगर हवेली और पुदुचेरी) ने इस मिशन के तहत शत-प्रतिशत कवरेज की सूचना दी है। कुल 98.9 प्रतिशत कवरेज के साथ हिमाचल और उसके बाद 96.3 प्रतिशत कवरेज के साथ बिहार भी निकट भविष्य में शत प्रतिशत कवरेज की ओर अग्रसर है।**


प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल के पानी का कनेक्शन प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री द्वारा 15 अगस्त 2019 को लाल किले की प्राचीर से जल जीवन मिशन (जेजेएम) की घोषणा की गई थी। इस हर घर जल कार्यक्रम का लक्ष्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नियमित रूप से और दीर्घकालिक आधार पर पर्याप्त मात्रा में निर्धारित गुणवत्ता वाला पेयजल उपलब्ध कराना है। 2019 में इस मिशन के शुभारंभ के समय (कुल 19.4 करोड़ में से) मात्र 3.23 करोड़ ग्रामीण परिवारों के पास नल के पानी के कनेक्शन थे। यह आंकड़ा गांवों में रहने वाली कुल आबादी का महज 16.7 प्रतिशत था। 14 जून 2023 तक, कुल 12.29 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों (63.2 प्रतिशत) के पास पेयजल उपलब्ध है। वर्तमान में, 131 जिलों, 1,357 प्रखंडों और 1,66,880 गांवों को ह्रहर घर जलह्व के रूप में दर्ज किया गया है, जिसका अर्थ है कि इन गांवों में प्रत्येक ग्रामीण परिवार, स्कूल, आश्रमशाला, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र और सार्वजनिक संस्थान को नल के जरिए शुद्ध पेयजल मिल रहा है। प्रधानमंत्री के अन्य प्रमुख कार्यक्रमों के तरह ही जल जीवन मिशन गति और पैमाने की दृष्टि से विशिष्ट है। वर्तमान में यह मिशन हर सेकंड पेयजल का एक नया कनेक्शन प्रदान कर रहा है। यह मोटे तौर पर प्रति घंटा 3,600 पानी के कनेक्शनों या प्रति दिन 86,000 से अधिक कनेक्शनों को जलापूर्ति शुरू करने योग्य बना रहा है। इसका मतलब यह हुआ कि प्रतिदिन लगभग 3.5 लाख नागरिकों का जीवन हमेशा के लिए सकारात्मक रूप से बदल रहा है। मैं ऐसे किसी अन्य कार्यक्रम के बारे में नहीं जानता, जो इतनी तेजी से नागरिकों के जीवन को बदल रहा हो। इस मिशन के पूरा होने तक कुल 16 करोड़ परिवारों को पेयजल आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध हो चुकी होगी। यह लगभग 70 करोड़ लोगों को पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के बराबर होगा। यह अमेरिका (33 करोड़), ब्राजील (21 करोड़) और इंग्लैंड (5.6 करोड़) की संयुक्त आबादी के बराबर है। इतना व्यापक है इस मिशन का पैमाना। पांच राज्यों (गुजरात, तेलंगाना, गोवा, हरियाणा और पंजाब) और तीन केंद्र शासित प्रदेशों (अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, दमन एवं दीव तथा दादरा एवं नगर हवेली और पुदुचेरी) ने इस मिशन के तहत शत-प्रतिशत कवरेज की सूचना दी है। कुल 98.9 प्रतिशत कवरेज के साथ हिमाचल और उसके बाद 96.3 प्रतिशत कवरेज के साथ बिहार भी निकट भविष्य में शत प्रतिशत कवरेज की ओर अग्रसर है। साफ और शुद्ध पानी जीवन को बचाता है। हाल में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जल जीवन मिशन के तहत सुरक्षित रूप से प्रबंधित पेयजल के बढ़ते कवरेज के कारण होने वाले स्वास्थ्य संबंधी लाभों के बारे में एक अध्ययन किया गया है। उसकी रिपोर्ट के अनुसार, जब 2024 तक जल जीवन मिशन के तहत हर ग्रामीण घर में पेयजल उपलब्ध होगा, तो यह डायरिया से होने वाली मौतों को आधा करने में मदद करेगा। कुल मिलाकर, कुल चार लाख लोगों की जान बचाई जा सकेगी। इसी तरह का एक अध्ययन कुछ समय पहले नोबेल पुरस्कार विजेता माइकल क्रेमर द्वारा किया गया था। उसके अनुसार, यदि सभी परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करा दिया जाए तो शिशुओं की मृत्यु दर में लगभग 30 प्रतिशत तक की कमी लाई जा सकती है। जेजेएम के सफल कार्यान्वयन से भारत में प्रति वर्ष पांच साल से कम आयु वाले 1.36 लाख बच्चों की मौतों को रोका जा सकेगा। आर्सेनिक और फ्लोराइड से दूषित पानी स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। इस मिशन के शुभारंभ के समय, 22,016 बस्तियों को पेयजल के स्त्रोतों में आर्सेनिक और फ्लोराइड के संदूषण की समस्या से जूझना पड़ रहा था। इनमें से 14,020 बस्तियां आर्सेनिक के संदूषण से प्रभावित थीं और 7,996 बस्तियां फ्लोराइड के संदूषण से पीड़ित थीं। देश के विभिन्न हिस्सों में फैली 1.79 करोड़ आबादी इस संदूषण से प्रभावित थी। आज आर्सेनिक और फ्लोराइड के संदूषण से प्रभावित इन बस्तियों को शुद्ध पेयजल की सुविधा के दायरे में ले आया गया है। योजनाओं को दीर्घकालिक रूप से टिकाऊ बनाए रखने की दृष्टि से, इस कार्यक्रम में शुरू से ही समुदायों की भागीदारी को शामिल किया गया है। इस पहलू को ग्रामीण इलाकों में पाइप के जरिए जलापूर्ति के योजना निर्माण, कार्यान्वयन और संचालन एवं रखरखाव के केंद्र में रखा गया है। देश में 5.24 लाख से अधिक ग्राम स्तर की जल एवं स्वच्छता समितियों /पानी समितियों का गठन किया गया है, जिनमें महिलाओं का प्रतिनिधित्व 50 प्रतिशत है। महिला सशक्तीकरण को ध्यान में रखते हुए, 22.13 लाख से अधिक ग्रामीण महिलाओं को फील्ड टेस्ट किट का उपयोग करके पानी के नमूनों का परीक्षण करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर घर और सार्वजनिक संस्थान में शुद्ध पानी पहुंच रहा है। समुदायों की भागीदारी के कारण यह कार्यक्रम एक जन आंदोलन बन गया है। केंद्र सरकार ने पांच साल की अवधि के लिए 2.08 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। जलापूर्ति में सुधार का संबंध स्वास्थ्य संबंधी देखभाल की लागत में कमी और उत्पादक समय की उपलब्धता में वृद्धि के जरिए लोगों की समग्र लागत में होने वाली महत्वपूर्ण बचत से है। महिलाएं हर घर जल कार्यक्रम के केंद्र में हैं। 2018 में, लगभग 42 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को अपने परिसर से बाहर होने वाली जलापूर्ति से पानी इकट्ठा करना पड़ता था। इस समूची कवायद का मुख्य भार महिलाओं को वहन करना पड़ता था। यह अनुमान लगाया गया है कि एक महिला को प्रतिदिन पानी इकट्ठा करने में आम तौर पर 45 मिनट का समय खर्च करना पड़ता था। नल के पानी की नियमित आपूर्ति महिलाओं और युवा लड़कियों को हर दिन सिर पर पानी का भारी बोझ ढोने से राहत देती है। महिलाएं अब इस बचे हुए समय एवं प्रयास का उपयोग आय सृजन की गतिविधियों, नए कौशल को सीखने तथा अपने बच्चों की शिक्षा में सहायता के लिए कर सकती हैं। किशोरियों को अब पानी लाने में अपनी मां की मदद करने के लिए स्कूल नहीं छोड़ना होगा। जल ही जीवन है और जल जीवन मिशन का संबंध इस जीवन रेखा को हर ग्रामीण परिवार तक पहुंचाने से है। घर में नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल की पहुंच सुनिश्चित करके, यह प्रतिष्ठित मिशन अभूतपूर्व पैमाने पर बेहद तेज गति से परिवारों को सशक्त बना रहा है और लोगों के जीवन को बचा रहा है।



**लेखक नीति आयोग के सदस्य -स्वास्थ्य हैं।**

# राज बब्बर : नायक और खलनायक का संतुलित राज

आगरा में 23 जून को एक सामान्य पंजाबी परिवार में जन्मे राज बब्बर ने सन 1975 में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से अभिनय का डिप्लोमा प्राप्त किया। वे यहां से निकले पहले अभिनेता थे जो स्टार बने। घुंघराले बाल, बेहतरीन आवाज और सबसे खास सौम्य, शालीन, विनम्र। एनएसडी से निकलने वालों में 1962 बैच के ओम शिवपुरी और सुधा शिवपुरी थे, जिन्होंने सबसे पहले फिल्मी दुनिया में आने का इरादा बनाया। वे दिल्ली से मुंबई गए और सफल भी रहे। उसके बाद नसीरुद्दीन शाह, ओम पुरी, जसपाल ने वाया फिल्म ऐंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट (पुणे) से मुंबई का रुख किया। राज बब्बर के बाद तो एनएसडी से फिल्मों में आने का सिलसिला तेजी से चल निकला। सीमा विश्वास, पंकज कपूर, यशपाल शर्मा, मनोज तिवारी, आशुतोष राणा, इरफान, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, राजपाल यादव, पंकज त्रिपाठी जैसे कई नाम इसमें शामिल हैं। राज बब्बर तुरंत ही काम के लिए बंबई (मुंबई) नहीं भागे थे। उन्होंने दिल्ली में ही रहकर पूरी शिद्दत से थियेटर किया। सन 1978 में 'यूनाइटेड प्रोड्यूसर और माधुरी-फिल्म फेयर टैलेंट कांटेस्ट' का आयोजन बंबई में हुआ। इस प्रतियोगिता में पांच लड़के व पांच लड़कियों का चुनाव बीआर चोपड़ा, देवेंद्र गोयल, शक्ति सामंत, मोहन सहगल जैसे नामचीन निमार्ता-निर्देशकों की ज्यूरी ने किया था। जिन पांच लड़कों का चयन हुआ था वे थे- दीपक पाराशर, राज बब्बर, सुरेंद्र पाल, पंकज धीर और स्वर्गीय इंदर ठाकुर (अभिनेता हीरालाल के सुपुत्र) व लड़कियों में सुरिंदर कौर, स्वरूप संपत (परेश रावल की पत्नी), रेखा सहाय (सुबोधकांत सहाय की पत्नी), नमिता चंद्रा व अन्य। इन सभी का मोहन स्टूडियो (मुंबई) में ऑडिशन हुआ तब तक दीपक पराशर 'मिस्टर इंडिया' भी बन चुके थे। वह दिखते भी सबसे अलग थे। अभिनेता सुरेंद्र पाल गाजियाबाद से ऑडीशन देने आए थे। तब उसे देख राज बब्बर ने उनसे कहा था- 'इसी को फिल्में मिलेंगी। तब हम दोनों इनके सेक्रेट्री बन जाएंगे।' पर तब यूनाइटेड प्रोड्यूसर्स के किसी निमार्ता, निर्देशक ने किसी भी चुने गए लड़के-लड़कियों को लांच नहीं किया। तब भी उनका अभिनय स्टेज और फिल्मों के दो पलड़ों के बीच सामंजस्य स्थापित करता रहा। दोनों ही क्षेत्रों में उन्होंने अपने अभिनय की धाक जमायी। लंबे संघर्ष के बाद उन्होंने 1977 में फिल्म 'किस्सा कुर्सी का' से अपना अभिनय करियर शुरू किया लेकिन, फिल्म कमाल नहीं दिखा सकी। इसके बाद 'इंसाफ का तराजू' में बीआर चोपड़ा ने दो नए अभिनेताओं को परदे पर उतारा। फिल्म के मुख्य नायक दीपक पाराशर और दूसरे थे राज बब्बर । लेकिन जब फिल्म बनी और प्रदर्शित हुई तो पलड़ा राज बब्बर का ही भारी रहा। देखते ही देखते फिल्मी दुनिया पर उनका राज चलने लगा। इसके बाद फिर उनका करियर दो पलड़ों के बीच झूलता रहा यानी नायक और खलनायक। पहली ही फिल्म में खलनायक बनने के बाद नायक बनने की कल्पना पहले विनोद खन्ना और शत्रुघ्न सिन्हा साकार कर चुके थे, लेकिन 'इंसाफ का तराजू' में जिस तरह का किरदार राज बब्बर ने निभाया, उस कारण वे महिला दर्शकों की नजरों से उतर चुके थे। 'इंसाफ का तराजू' में राज बब्बर का अभिनय इतना जीवंत था कि फिल्म की स्क्रीनिंग के समय शामिल उनकी मां घबरा-सी गई थीं। जब वे फिल्म देखकर घर जा रहे थे तो उनकी मां रोने लगीं और बोली, 'बेटा हम कम खा लेंगे, पर तू ऐसा काम मत कर।' लेकिन यह भूमिका उनके लिए जैकपॉट साबित हुई। आगे जाकर राज बब्बर ने 'निकाह', 'आज की आवाज', 'आप तो ऐसे न थे',अगर तुम न होते, 'कलयुग', 'हम पांच', आंखें, 'दाग', जिद्दी' सहित बॉलीवुड की कई शानदार फिल्मों में काम किया और निगेटिव और पॉजिटिव किरदारों को बखूबी संतुलित किया। वे राजनीति में भी गए और वहां भी सफलता के झंडे गाड़े। उनके बारे में कई अन्य रोचक जानकारियां हाल ही में उनके ऊपर आई हरीश पाठक की संपादित पुस्तक राज बब्बर दिल में उतरता फसाना में पढ़ी जा सकती हैं जिसे प्रलेक प्रकाशन ने प्रकाशित किया है। इसमें उनके राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय और बंबई के साथियों, फिल्म और राजनीति के प्रमुख पत्रकारों आदि के संस्मरण हैं जो उनकी विविधता से भरी आत्मीय छवि को प्रस्तुत करते हैं। शाहरुख खान ने इंडिया टीवी के प्रसिद्ध कार्यक्रम आप की अदालत में बताया था कि वे बचपन में राज बब्बर की गोद में घूमते थे। दरअसल शाहरुख खान के पिता राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) में कैंटीन चलाते थे। राज बब्बर, रोहिणी हट्टंगड़ी, सुरेखा सीकरी, मनोहर सिंह, अजीत बच्छानी आदि जो भी कलाकार उस समय वहां प्रशिक्षण ले रहे थे, कैंटीन में आकर बैठते थे और शाहरुख खान दिनभर इन कलाकारों की गोद में घूमते रहते थे।



## Social Media Corner

सच के हक में...



हमारी अभूतपूर्व कबड्डी टीम को 8वीं एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप का खिताब जीतने पर बधाई! अपने असाधारण प्रदर्शन और उल्लेखनीय टीम प्रयास के माध्यम से, उन्होंने खेल भावना की सच्ची भावना का प्रदर्शन किया है। आगे के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सनारो 2030 तक चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। यह सजा उन्हें ब्राजीलियन कोर्ट ने दी है। कहा गया कि पिछला चुनाव हारने के बाद पूर्व राष्ट्रपति ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम पर शक पैदा किया। यह गंभीर अपराध है। भारत के विपक्षी दलों को इससे कुछ सीखना चाहिए। खिसियाहट में ईवीएम को दोष देना, जनता में झूठ - भ्रम फैलाना, शक पैदा करना बहुत गंभीर अपराध है। माननीय न्यायालय स्वत: संज्ञान लेकर ऐसे लोगों पर कार्रवाई करे तो पूरा विपक्ष बेरोजगार हो जाएगा।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# सिकल सेल एनीमिया का होगा अंत

भारत विविधताओं का देश है और विविधताओं में एकता हमारी पहचान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन विविधताओं को संजो रखने के लिए एक भारत श्रेष्ठ भारत का मंत्र दिया है। हम एक ऐसे भारत की कल्पना को आगे बढ़ा रहे हैं, जहां पर एक-एक भारतीय के गुणवत्तायुक्त जीवन की चिंता की जाती है। समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक देश की आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचा पाएं, इसके लिए भारत सरकार की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। भारत में, लगभग 706 विभिन्न जनजातियां हैं, जो कुल जनसंख्या का 8.6% हैं। हमारी जनजातीय आबादी हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है। भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है- भारत का अतीत, वर्तमान और भविष्य आदिवासी समुदाय के बिना कभी भी पूरा नहीं होगा। भारत सरकार जनजातीय नैतिक मूल्य प्रणालियों, परम्पराओं, सामाजिक-आर्थिक स्थितियों और जनजातीय संगठनों का समुचित संज्ञान लेकर राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में जनजातीय आबादी के स्वास्थ्य और विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। भारत की जनजाति आबादी में सिकल सेल रोग एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती है। सिकल सेल एक आनुवांशिक बीमारी है, जिसमें व्यक्ति के रक्त कणों को आकार विकृत होकर दराती जैसा हो जाता है। यह बीमारी सामान्यतः आदिवासी जनजाति में पाई जाती है। यह रोग हमारी जनजातियों के भविष्य और अस्तित्व के सामने बहुत बड़ा खतरा है। इस रोग के प्रसार को समय पर रोकना अनिवार्य है। इस अनुवांशिक बीमारी को रोकने के लिए अभी तक जितने प्रयास होने चाहिए थे, उतने प्रयास पिछले सरकारों में नहीं हुए हैं, जिसके कारण दुनिया के अन्य देश जैसे कि इटली, जापान इत्यादि ने इस रोग पर काबू कर लिया है लेकिन भारत आज भी इस रोग से लड़ रहा है। मैं खासतौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट करना चाहूंगा जिन्होंने सिकल सेल की इस चुनौती को खत्म करने के लिए वित्त वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में, राष्ट्रीय अभियान सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान 2047 शुरू करने की घोषणा की है। सिकल सेल बीमारी दो तरह से इंसान के शरीर में रहती है, एक सिकल सेल लक्षित जिसमें मरीज को कोई बीमारी या लक्षण नहीं दिखते हैं और इंसान नॉर्मल जिंदगी जीता है। दूसरे में सिकल सेल बीमारी के लक्षण पाए जाते हैं। देश के 13 राज्य राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तेलांगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र में यह बीमारी का अधिक प्रभाव है, जबकि देश के चार राज्य बिहार, असम, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश में इसका आंशिक प्रभाव है। सिकल सेल रोग (एससीडी) से पीड़ित व्यक्ति को बहुत सारी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करता है, जिनमें शरीर में दर्द रहना, कमजोरी रहना और खून की कमी जैसे कारणों से मरीज का पूरा जीवन बीमारी के बीच कटता है। सिकल सेल एनिमिया रोग को खत्म करने के लिए दो पहल पर कार्य किया जा रहा है। जिसमें पहला है झ्र इस रोग की रोकथाम, ताकि आगे नए मरीज पैदा न हों और जो मरीज हैं उसके उपचार प्रबंधन और अच्छी स्वास्थ्य सुविधा कैसे उपलब्ध हो, उसके लिए पूरा इको सिस्टम तैयार किया जा रहा है। अगर दो ऐसे इंसान शादी करते हैं, जो दोनों सिकल सेल लक्षित हैं, तो उनसे पैदा होने वाली संतान में सिकल सेल बीमारी होने की संभावना बहुत होती है। अगर पहले से ही सिकल सेल की स्क्रीनिंग करके ऐसे दो लोगों को शादी करने से रोका जाए तो इस बीमारी का प्रसार रुक सकता है।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



कुशल शिक्षाविद के साथ साथ आंदोलनकारी, साहित्यकार, पत्रकार, इतिहासकार और समाजसेवी की पहचान रखनेवाले डॉ. बीपी केशरी की 91 जयंती शनिवार को मनाई गई। लोगों ने उन्हें याद किया और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। नई पीढ़ी को भी उनके बारे में जानना चाहिए। झारखंड की भाषा और संस्कृति को प्रगाढ़ बनाने के लिए डा. बीपी केशरी ने भरपूर काम किया। वे झारखंड के इतिहासकार के रूप में भी जाने जाते हैं और उन्होंने सबसे पहले झारखंड का इतिहास लिखने का काम किया। उनका नजरिया एकदम अलग था। अपने छात्र-छात्राओं को वे अपने बराबर का ही समझते थे। उनकी पहचान सिर्फ झारखंड के इतिहासकार के रूप में ही नहीं, बल्कि समन्वय के साथ भाषा, साहित्य और संस्कृति को मजबूती के साथ साथ दिशा देने के रूप में भी है। डा. केशरी ने झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश व दुनिया में झारखंडी संस्कृति, भाषा और साहित्य का प्रतिनिधित्व किया। वे स्वप्नदर्शी और सत्य के पुजारी थे। साहित्य के साथ साथ राजनीति में भी उन्होंने अपनी पैनी नजर रखी। उन्हें नजदीक से जाननेवाले लोग बताते हैं कि वे समाज को एक साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति थे। झारखंड आंदोलन को इनकी लेखनी से बल मिला। यह झारखंड का सौभाग्य कहा जाएगा कि इस राज्य के लोगों को डा. बीपी केशरी जैसा विराट व्यक्तित्व मिला। उन्होंने विकट परिस्थिति में झारखंड आंदोलन को संभाला और गति प्रदान की। दरअसल, झारखंड के कुछ गिने-चुने लोगों में उनकी गिनती होती है। उन्हें वह सम्मान मिलना ही चाहिए जिसके वे हकदार हैं।

**राणा रणधीर सिंह, समाजसेवी रांची।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# डब्ल्यूसीपीएल में खेलती नजर आएगी ये श्रेयंका पाटिल, लीग में खेलने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन रचा इतिहास

**मुम्बई(एजेंसी)।** भारतीय टीम के पुरुष खिलाड़ियों के अलावा अब महिला खिलाड़ी भी देश और दुनिया में दमदार प्रदर्शन कर रही है। महिला क्रिकेट को भी अब नई राह मिल रही है। महिला क्रिकेट खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से बीसीसीआई ने अन्य देशों की लीग में खेलने की अनुमति दे रही है, जो पुरुष खिलाड़ियों के पास नहीं है।

इस छूट के कारण ही भारतीय खिलाड़ी श्रेयंका पाटिल को महत्वपूर्ण मौका मिला है। इसके तहत अब 21 वर्षीय खिलाड़ी श्रेयंका महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग में खेलेंगी। वेस्टइंडीज की इस लीग में खेलने वाली श्रेयंका पहली भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगी। बता दें कि युवा ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल से गुयाना एमेजॉन वारियर्स ने करार किया है।

जानकारी के अनुसार महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग 31 अगस्त से 10 सितंबर तक खेली जायेगी। वहीं बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) द्वारा महिला खिलाड़ियों को विदेशी लीग में खेलने की अनुमति दिए जाने के कारण भारतीय टीम की कई महिला खिलाड़ी जैसे कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष समय समय पर आस्ट्रेलिया में डब्ल्यूबीबीएल और इंग्लैंड में 'द हंड्रेड' से खेलती रही हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के लिए महिला प्रीमियर लीग में खेलने वाली श्रेयंका पहली महिला खिलाड़ी होंगी जिन्हें सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने से पहले ही किसी विदेशी लीग से अनुबंध की पेशकश की गयी हो। उन्हें हांगकांग में महिला एमर्जिंग एशिया कप में 'प्लेयर ऑफद टूर्नामेंट' चुना गया था।

### श्रेयंका ने किया था धमाकेदार प्रदर्शन

बता दें कि बीते महीने ही हॉन्ग कॉन्ग में इमर्जिंग एशिया कप टूर्नामेंट का आयोजन हुआ था। इस टूर्नामेंट में श्रेयंका ने धमाकेदार गेंदबाजी की थी। श्रेयंका ने दो मुकाबलों में 7 ओवर डाले थे, जिसमें 15 रन देकर नौ विकेट चटकाने में सफलता हासिल की थी। फाइनल मुकाबले में भी श्रेयंका ने चार विकेट चटका कर भारतीय टीम को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया था। इस शानदार और अद्भुत प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफद टूर्नामेंट खिताब दिया गया था।



# लुसाने डायमंड लीग में गोल्ड जीतकर नीरज चोपड़ा ने कहा, मैं अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ से दूर हूं




**लुसाने (एजेंसी)।** ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने चोट से वापसी पर करते हुए लुसाने में पहला स्थान हासिल करके लगातार दूसरी बार डायमंड लीग का खिताब अपने नाम किया। नीरज ने 87.66 मीटर जैवलिन थ्रो के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ शीर्ष स्थान हासिल करते हुए गोल्ड अपने नाम किया। इस जीत के बाद उन्होंने कहा कि वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से कोसों दूर हैं और एक महीने के लंबे ब्रेक के बाद वापसी पर वह वास्तव में काफी घबराए हुए थे।

डायमंड लीग में गोल्ड जीतने के बाद चोपड़ा ने कहा, 'चोट से वापसी करते हुए मैं थोड़ा घबराया हुआ महसूस कर रहा था। आज रात यहां थोड़ी ठंड थी। मैं अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ से दूर हूं, लेकिन मुझे लगता है कि यह बेहतर हो रहा है। मुझे राहत है कि यह मेरे लिए अच्छा हो रहा है। जीत तो जीत होती है और मैं इसे खुशी से लूंगा।'

इस 25 वर्षीय एथलीट ने पांचवें प्रयास में 87.66 मीटर थ्रो के साथ डायमंड लीग का खिताब जीता। उन्होंने कहा, 'मैं जीतना चाहता था इसलिए मैं परिणामों से बहुत खुश हूं लेकिन मैं प्रशिक्षण पर वापस जाना चाहता हूं और कुछ चीजें ठीक करना चाहता हूं जो मैंने देखीं और जो मुझे मजबूत बनाएंगी। लुसाने हमेशा मेरे साथ अच्छा व्यवहार करती है। पिछले साल मैं जीता था और इस साल भी, इसलिए मैं अगले साल फिर से आने और फिर से जीतने की उम्मीद कर रहा हूं! अगली प्रतियोगिता बुडापेस्ट, मेरे लिए बहुत बड़ी होगी!'

भारतीय सुपरस्टार ने 5 मई को दोहा में सीजन की शुरुआती डायमंड लीग मीटिंग 88.67 मीटर के थ्रो के साथ जीती थी। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है।

# वर्ल्ड चैंपियनशिप में नहीं जा पाएगी श्रीलंका, नीदरलैंड ने कर दिया काम तमाम

**बुलावायो (एजेंसी)।** नीदरलैंड ने श्रीलंका को जोर का झटका लगाया है, जिसके चलते वह अब शायद ही वर्ल्ड कप खेल पाएगी। नीदरलैंड की टीम ने एक बार फिर जोरदार प्रदर्शन किया और वर्ल्ड कप क्वालिफायर के एक मुकाबले में पूर्व वर्ल्ड चैंपियन श्रीलंका को संघर्ष करने के लिए मजबूर कर दिया। इस में धनंजय डिसिल्वा के करियर की सर्वश्रेष्ठ 93 रन की पारी और महीश तीक्ष्णा के 3 विकेट के दम पर श्रीलंका ने वनडे वर्ल्ड कप के क्वालिफायर के मैच में नीदरलैंड को 21 रन से हराया। ग्रुप राउंड में नीदरलैंड ने 2 बार की वर्ल्ड चैंपियन टीम वेस्टइंडीज को मात दी थी। श्रीलंका और जिम्बाब्वे ने सुपर-6 में जीत के साथ शुरुआत की है। दोनों ही टीमों के 6-6 अंक हो गए हैं। वहीं वेस्टइंडीज अपने तीनों मैच में दर्ज भी करती है, तो भी उसके 6 ही अंक होंगे। नेट रनरेट भी माइनस में है। ऐसे में उसका क्वालिफाई करना अब बेहद मुश्किल है।

मैच के दौरान श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही थी। टीम के 5 विकेट सिर्फ 67 रन पर गिर गए थे। इसके बाद धनंजय डिसिल्वा ने 8 चौके और 2 छक्के की मदद से 93 रन बनाए। हालांकि वे शतक जड़ने से चूक गए और 111 गेंद का सामना किया। वानिंदु हसारंगा ने 20 तो महीश तीक्ष्णा ने अहम 28 रन बनाए। पूरी टीम 47.4 ओवर में 213 रन पर सिमट गई। इसके बाद बारशि के चलते नीदरलैंड को 40 ओवर में 214 रन का लक्ष्य मिला था। वहीं नीदरलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 374 रन बनाकर मैच पहले टाई कराया था। फिर सुपर ओवर में रोमांचक जीत दर्ज की थी। श्रीलंका के खिलाफ नीदरलैंड की ओर से कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने नाबाद 67 रन बनाए। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से श्रीलंकाई टीम की धड़कन बढ़ा दी थी। इसके अलावा वेस्ले बारेसी ने भी 52 रन की पारी खेली। इन दोनों को दूसरे बल्लेबाजों को साथ नहीं मिला।

# पाकिस्तान विश्व कप स्थलों के निरीक्षण के लिए सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल भारत भेजेगा

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान इस साल के आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) एकदिवसीय विश्व कप के लिए अपनी टीम को यात्रा मंजूरी देने से पहले आयोजन स्थलों का निरीक्षण करने के लिए एक सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल भारत भेजने की तैयारी कर रहा है। अंतर-प्रांतीय समन्वय (खेल) मंत्रालय के एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि ईद की छुट्टियों के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के नये अध्यक्ष के चुने जाने के बाद विदेश और गृह मंत्रालय सहित सरकार तय करेगी कि सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल को भारत कब भेजा जाए।




इस सूत्र ने कहा, 'सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल पीसीबी के प्रतिनिधित्व के साथ उन स्थानों का निरीक्षण करने जाएगा जहां विश्व कप के दौरान पाकिस्तान खेलेगा। यह प्रतिनिधिमंडल सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण करेगा।' उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल 15 अक्टूबर को भारत-पाकिस्तान मैच के आयोजन स्थल चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता और अहमदाबाद का दौरा करेगा।

उन्होंने कहा, 'भारत के किसी भी दौरे से पहले क्रिकेट बोर्ड के लिए सरकार से अनुमति लेने का चलन है। सरकार दौरे से पहले आम तौर पर भारत में एक प्रतिनिधिमंडल भेजती है।' उन्होंने कहा, 'प्रतिनिधिमंडल मैच स्थल के अधिकारियों से बातचीत करेगा और टूर्नामेंट के लिए जाने वाले हमारे खिलाड़ियों, अधिकारियों, प्रशंसकों और मीडिया के लिए सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा और निरीक्षण करेगा।'


उन्होंने कहा कि अगर प्रतिनिधिमंडल को लगेगा कि पाकिस्तान के लिए निर्धारित स्थान के बजाय किसी अन्य स्थान पर खेलना बेहतर होगा, तो वह अपनी रिपोर्ट में इसका उल्लेख करेगा। उन्होंने कहा, 'अगर प्रतिनिधिमंडल को कोई चिंता है तो पीसीबी रिपोर्ट को आईसीसी और बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के साथ साझा करेगा।'

पीसीबी के एक सूत्र ने पुष्टि की कि जब पिछली बार पाकिस्तान टी20 विश्व कप के लिए भारत गया था, तो सरकार ने आयोजन स्थलों का निरीक्षण करने के लिए एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल भेजा था। उन्होंने कहा, 'प्रतिनिधिमंडल की सिफारिश पर ही भारत के खिलाफ धर्मशाला (2016 टी20 विश्व कप) में पाकिस्तान का मैच कोलकाता में स्थानांतरित किया गया था।'

सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान की विश्व कप में भागीदारी की पुष्टि तभी की जाएगी जब सरकार पीसीबी को मंजूरी दे देगी। इस बीच पाकिस्तान हॉकी महासंघ अगस्त में चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम भेजने के लिए मंजूरी का इंतजार कर रहा है। हाल ही में देश की फुटबॉल टीम सरकारी निकायों से अंतिम समय में एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) मिलने के बाद ही बेंगलुरु में सैफ चैंपियनशिप में खेली थी। वनडे विश्व कप पांच अक्टूबर से 19 नवंबर तक 10 भारतीय शहरों में खेला जाएगा।

# मनिका बत्रा, शरत कमल डब्ल्यूटीटी जगरेब कंटेंडर से बाहर हुए

जगरेब : भारत के शीर्ष महिला और पुरुष टेबल टेनिस खिलाड़ी क्रमश- मनिका बत्रा और अचिंत शरत कमल डब्ल्यूटीटी कंटेंडर के अपने-अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच हार गए जिससे एकल वर्ग में देश की चुनौती शनिवार को यहां समाप्त हो गई। मनिका और शरत को अपने से बेहतर रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ 0-3 के समान अंतर से हार का सामना करना पड़ा। मनिका को विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज शिन यूबिन ने 13-11, 11-5, 16-14 से हराया जबकि विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान के खिलाड़ी चीन के लिन शिडोंग ने शरत को एकतरफा मुकाबले में 11-6, 11-7, 11-5 से शिकस्त दी।



# न्यूजीलैंड की ऑफ स्पिनर ने मैच के दौरान 11 ओवर फेंक दिए

गॉल। न्यूजीलैंड की ऑफ स्पिनर ईडन कार्सन ने गॉल में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे महिला वनडे मैच में एक अजीब रिकॉर्ड अपने नाम किया। कार्सन ने मैच के दौरान 11 ओवर फेंक दिए। ऑन-फील्ड अंपायरों और मैच अधिकारियों ने गलती पर ध्यान नहीं गया और कार्सन ने अपने 11 ओवरों में 41 रन देकर दो महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। 45वें ओवर की समाप्ति के बाद कार्सन ने अपना कोटा पूरा कर लिया था।




हालांकि एक बड़ी गलती के कारण उन्हें 47वें ओवर में एक्शन में लौटना पड़ा। वहीं न्यूजीलैंड ने 116 रन की शानदार जीत के साथ सीरीज बराबर कर ली और निर्णायक मुकाबले के लिए मजबूर होना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने कप्तान सोफी डिवाइन और अमेलिया केर के शतकों की बदौलत 50 ओवरों में 329/7 का विशाल स्कोर बनाया। केर और डिवाइन ने तीसरे विकेट के लिए 229 रन जोड़े, जो न्यूजीलैंड के लिए तीसरा सबसे बड़ा और श्रीलंका में महिला वनडे में सबसे बड़ा है। जहां केर ने 106 गेंदों में 108 रन बनाए वहीं डिवाइन ने 121 गेंदों में 17 चौकों की मदद से 137 रन बनाए। श्रीलंका के लिए ओशादी रणसिंघे ने तीन विकेट लिए जबकि उदेशिका प्रबोधनी ने भी दो विकेट लिए। जवाब में कविशा दिलहारी ने 84 रनों की पारी खेली, लेकिन उन्हें अन्य बल्लेबाजों से कोई मदद नहीं मिली। ली ताहुहु ने चार विकेट लिए जिससे श्रीलंका आठ गेंद शेष रहते 213 रन पर आउट हो गई। सीरीज का आखिरी वनडे 3 जुलाई को खेला जाएगा। वनडे सीरीज के बाद तीन मैचों की टी20 सीरीज होगी।

**न्यूजीलैंड टीम:** सोफी डिवाइन (कप्तान), सुजी बेट्स, बर्नाडाइन बेजुइडेनहाउट, ईडन कार्सन, इज़ी गेज़, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, फ्रैन जोनास, अमेलिया केर, जेस केर, रोज़मेरी मायर, मौली पेनफ़ोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्ना रोवे, ली ताहुहु।

# चेतेश्वर पुजारा को टेस्ट से बाहर करना एक सकारात्मक कदम: पूर्व क्रिकेटर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर लालचंद राजपूत ने कहा है कि वेस्टइंडीज दौरे के लिए बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को टेस्ट टीम से बाहर करना एक ÷सकारात्मक कदम÷ है, क्योंकि इसका उद्देश्य 2023-25 तक अगले आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र के लिए युवाओं को तैयार करना है। 12 जुलाई से शुरू होने वाले वेस्टइंडीज दौरे के लिए पुजारा को भारतीय टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया था। ऐसा तब हुआ जब 100 से अधिक टेस्ट खेलने वाला यह अनुभवी खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल में अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहा। रुतुराज गायकवाड़ और यशस्वी जयसवाल को घरेलू क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए उनके पहले टेस्ट कॉल-अप के साथ पुरस्कृत किया गया।

लालचंद ने कहा, 'यह एक सकारात्मक कदम है। हमें अगले डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए तैयारी करनी होगी। आपको युवाओं को धीरे-धीरे लाना होगा। आपको उन्हें तैयार करना होगा, उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की कठिनाइयों में शामिल करना होगा। उम्मीद है, अधिक युवा खिलाड़ियों को मौका दिया जाएगा। देश का प्रतिनिधित्व करें। रुतुराज और जयसवाल ने बहुत रन बनाए हैं। उन्हें टेस्ट कैप देने से आपकी बेंच स्ट्रेंथ को बढ़ावा होगा।'



लालचंद राजपूत ने इसी के साथ सरफराज खान को टीम में ना शामिल करने पर भी सवाल उठाए। मुंबई के स्टार सरफराज खान को राष्ट्रीय टीम में शामिल नहीं किए जाने पर राजपूत ने कहा कि रणजी ट्रॉफी का प्रदर्शन एक खिलाड़ी के लिए उच्चतम स्तर पर लंबे प्रारूप में खेलने के लिए अनुभव और विशेषज्ञता हासिल करने का आधार है। उन्होंने कहा, 'अगर वह रन बना रहा है लेकिन तीन साल बाद भी उसे मौके नहीं मिल रहे हैं, तो कुछ कारण होगा। मुझे नहीं पता कि कारण क्या है। लेकिन उसे मौका दिया जाना चाहिए था।'

सरफराज पिछले कुछ सीजन से अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शानदार फॉर्म से गुजर रहे हैं। दाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने 37 प्रथम श्रेणी मैचों में 79.65 की शानदार औसत और 13 शतकों के साथ 3505 रन बनाए हैं। घरेलू क्रिकेट में उनकी सर्वोच्च पारी 301* है। 2022-23 रणजी ट्रॉफी सीज़न में, सरफराज ने 92.66 की शानदार औसत से 556 रन बनाए। उन्होंने 6 मैचों में तीन शतक भी लगाए हैं। मुंबई का ये बल्लेबाज रणजी ट्रॉफी 2021-2022 में अग्रणी रन-स्कोरर भी था, जिसने छह टेस्ट में 122.75 की औसत के साथ 982 रन बनाए। उनके नाम चार शतक थे। 2019-2020 में, वह रणजी ट्रॉफी में शीर्ष पांच रन बनाने वालों में से थे। उन्होंने छह मैचों में 154.66 की औसत से 928 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और 301* रन की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी शामिल है।

# एशेज सीरीज 2023 में इंग्लैंड की रणनीति पर पीटरसन ने रखे विचार

**लंदन (एजेंसी)।** एशेज सीरीज 2023 का पहला मुकाबला जीतने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरे मुकाबले में भी मजबूत दिख रही है। ऑस्ट्रेलियाई टीम तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट के नुकसान पर 130 रन बनाकर और अपनी दूसरी पारी में 221 रनों की बढ़त ले चुकी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड का दूसरे टेस्ट में भी प्रदर्शन साधारण रहा है और इंग्लैंड की बैजबॉल रणनीति पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। इसी बीच इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने इंग्लैंड की रणनीति में बदलाव को लेकर अपने विचार साझा किए हैं।

पीटरसन ने विचार किया कि क्या इंग्लैंड के दृष्टिकोण में बदलाव से उन्हें अपनी तरफ गति लाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा, क्या आपको लगता है कि आप श्रृंखला के बीच में एक क्रिकेट टीम के रूप में रणनीति बदल सकते हैं? मुझे पता है कि यह सब बजबॉल के बारे में है, और हम इस तरह से खेलने जा रहे हैं, हम हमेशा जीत का पीछा करेंगे। कौन जानता है, ये हो सकता हैं सबसे अविश्वसनीय चौथी पारी है और उसका पीछा करो, और हम यहां बैठकर सबसे बड़ी बातें कर रहे हैं। लेकिन क्या वे, इस ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ, वे जो कर रहे हैं उसमें छेड़छाड़ कर सकते हैं, क्योंकि उन्होंने इस सप्ताह और पिछले सप्ताह क्या किया है, पिछले मैच में निश्चित रूप से ये काम नहीं आया। पीटरसन ने इसके साथ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान शॉर्ट बॉल के साथ इंग्लैंड के संघर्ष पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि सतह के कारण बल्लेबाजों के लिए इस पर शॉर्ट गेंदें खेलना मुश्किल हो रहा है।

# भारत ने एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप के फाइनल में ईरान को दी पटखनी

बुसान । पवन सहरावत के अलावा असलम इनामदार और अर्जुन देशवाल के बहुमूल्य योगदान की बदौलत भारत ने बुसान में एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप के फाइनल में ईरान को हरा दिया। भारत का यह आठवां एशियाई चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक है। कई दिग्गजों की गैर मौजूदगी में मैदान पर उतरे ईरान के खिलाफ भारत को जीत दर्ज करने में कोई मुश्किल नहीं आई। सईद गफरी, मोईन शफागी और अमीर मोहम्मद के साथ-साथ मोहम्मदरेज़ा शादलूई चियानेह का उपयोगी योगदान ईरान के लिए स्कोरबोर्ड को टिके रखने में महत्वपूर्ण था, लेकिन ईरानी आक्रमण अपने भारतीय समकक्ष की क्षमता और निरंतरता से मेल नहीं खा सका। शादलूई के पांच अंक के प्रयास ने ईरान को भारत से दूर गति हासिल करने का करीबी मौका दिया। भारत के पक्ष में स्कोर 35-26 होने और घड़ी में काफी समय बचा होने के कारण, ईरान को घाटे को पाटने के लिए अपनी ताकत से खेलने की जरूरत थी। भारतीय रक्षापंक्ति ने शादलौई को लगभग उसी स्थान पर सीमित कर दिया, जहां वह मैट पर था। यहीं से ईरान पर दबाव पड़ा।

# जब मुझे लगेगा टीम के लिए योगदान नहीं दे पा रहा हूं : सुनील छेत्री

बेंगलुरु । फुटबाल की दुनिया से संन्यास की अटकलों को विराम देकर भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने कहा कि उन्हें लगता है कि टीम को उनकी सेवाओं की जरूरत है, इसकारण फिलहाल उनका संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है। 38 वर्षीय छेत्री ने कहा कि मुझे नहीं पता कि देश के लिए मेरा अंतिम मैच कब होगा। मैंने कभी भी लंबे समय के लक्ष्य नहीं बनाए, मैं अगले मैच के बारे में सोचता हूं, अगले 10 दिन के बारे में सोचता हूं। संन्यास एक न एक दिन जरूर लेना पड़ेगा मगर फिलहाल मैं उस दिन के बारे में नहीं सोचता। छेत्री ने मौजूदा सैफ चैम्पियनशिप के तीन मैचों में पांच गोल जमाए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने खुद के लिए कुछ मानदंड तय किए हैं जिनके बारे में मैं सोचता हूं। मैं टीम के लिए योगदान कर पा रहा हूं या नहीं। मैं गोल कर पा रहा हूं या नहीं, जितनी कड़ी ट्रेनिंग करना चाहता हूं, उतनी कर पाता हूं या नहीं। ये कुछ मानक हैं जो मुझे बताने वाले हैं कि मैं इस टीम के लिए ठीक हूं या नहीं। जिस दिन मुझे लगा कि ऐसा नहीं है, तब मैं खेल को अलविदा कह दूंगा क्योंकि फिर मेरे खेलने के लिए कोई और कारण नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं बता सकता कि यह (संन्यास) एक साल बाद होगा या फिर 6 महीने बाद। मेरा परिवार भी इसके बारे में अटकलें लगा रहा है और जब भी वे इसका जिक्र करते हैं, तब मैं मजाकिया अंदाज में उन्हें अपने आंकड़े बता देता हूं। लेबनान के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले के बारे में उन्होंने कहा कि लेबनान मजबूत टीम है और उन्हें हल्के में लेना भारी पड़ सकता है।

# जिम्बाब्वे के खिलाफ हार के बाद ओमान को एक और झटका, आईसीसी ने लगाया भारी जुर्माना

बुलावायो। जिम्बाब्वे के खिलाफ आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) विश्व कप क्वालीफायर मैच में धीमी ओवर गति के लिए ओमान पर मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। आईसीसी मैच रेफरी के अंतरराष्ट्रीय पैनल के मोहम्मद जावेद ने तय समय में ओमान को दो ओवर कम गेंदबाजी करने के कारण सजा सुनाई। न्यूनतम ओवर गति से जुड़े अपराधों से संबंधित आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ की आचार संहिता के नियम 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों पर उनकी टीम के निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाता है। कप्तान जीशान मकसूद ने प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं हुई। इस बीच ओमान के खिलाड़ी कलीमुल्लाह को मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई है। कलीमुल्लाह को खिलाड़ियों और सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह 'ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों का उपयोग करने से संबंधित है जो अपमानजनक हैं या अंतरराष्ट्रीय मैच में बल्लेबाज के आउट होने पर उसकी आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़का सकती हो। इसके अलावा कलीमुल्लाह के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमैरिट अंक जोड़ा गया है। यह 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध है।

# आतिशबाजी, और एक कस्टम ड्रोन शो के साथ 13 जुलाई को शुरु होगा मेजर लीग क्रिकेट

**टेक्सास (एजेंसी)।** अमेरिका की पेशेवर क्रिकेट लीग 13 जुलाई को आतिशबाजी, एरोबेटिक एरियल डिस्प्ले और एक कस्टम ड्रोन शो के साथ लांच होगी। मेजर लीग क्रिकेट का उद्घाटन मैच डलास क्षेत्र के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में होगा और इस मैच की लिए ज्यादातर टिकटें बिक चुकी हैं। मेजर लीग क्रिकेट का पहला मैच टेक्सास सुपर किंग्स और एंजिल्स नाइट राइडर्स के बीच खेला जाएगा। इस मैच से पहले उद्घाटन समारोह में अमेरिकी राष्ट्र गान होगा, जिसमें ग्रैंड प्रेयर पुलिस और फायर डिपार्टमेंट के अधिकारी एक विशाल अमेरिकी धव्ज थामे रहने वाले हैं।

उद्घाटन समारोह में एक एरोबेटिक एरियल डिस्प्ले जीबी1 गेमबर्ड द्वारा प्रदर्शित कि जाएगी, जो गेम से पहले प्रशंसकों के लिए उत्साह बढ़ाएगा। उद्घाटन मैच में पारी के ब्रेक के दौरान ड्रोन शो की प्रस्तुति होगी, जो मेजर लीग क्रिकेट में प्रतिस्पर्धा करने वाली टीमों के आगमन को प्रदर्शित करेगा। मैच के समापन के बाद आतिशबाजी ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम को जगामगा देगी। इस लीग में कुल छह टीमें हिस्सा ले रही हैं और यह लीग 13 जुलाई से लेकर 30 जुलाई तक खेली जाएगी।

इस लीग में भाग लेने वाले सुपरस्टार खिलाड़ियों में अफगानिस्तान के टी20 कप्तान राशिद खान, दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर फाफ डु प्लेसिस और डेविड मिलर, वेस्टइंडीज के सुनील नरेन, कीरोन पोलार्ड और आंद्रे रसेल, ऑस्ट्रेलियाई मार्कस स्टोइनिस और आरोन फिंच, इंग्लैंड के जेसन रॉय, जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा, भारत के अंबाती रायडू और न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट शामिल हैं।

मेजर लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक समीर मेहता ने कहा, मेजर लीग क्रिकेट की शुरुआती रात मैदान के अंदर और बाहर प्रशंसकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। ड्रोन शो, आतिशबाजी और अमेरिकी खेल आयोजनों की पारंपरिक प्रस्तुति से मेजर लीग क्रिकेट के उद्घाटन मैच में प्रतिस्पर्धा करने वाले दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों के लिए एक रोमांचक मंच प्रदान करेगा।



# प्रभास सालार और प्रोजेक्ट-के में आएंगे नजर

## -प्रोजेक्ट-के को बताया जा रहा सबसे महंगी भारतीय फिल्म



साउथ के सुपर स्टार प्रभास जल्द ही सालार और प्रोजेक्ट-के में नजर आने वाले हैं। इसमें से प्रोजेक्ट-के को अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्म कहा जाता है। जहां चर्चा लगातार बढ़ती जा रही है, वहीं वरिष्ठ निर्देशक तम्मारेड्डी ने फिल्म की बॉक्स ऑफिस क्षमता के बारे में सनसनीखेज दावा किया है।

नाग अश्विन की निर्देशित, प्रोजेक्ट-के में लीड एक्टर्स के तौर पर काफी बड़े-बड़े नाम शामिल हैं। अमिताभ बच्चन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी इस फिल्म का हिस्सा है। ऐसी टीम के साथ, इस बड़ी फिल्म से उम्मीदें बहुत अधिक हैं, और यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी अगर प्रोजेक्ट-के भारतीय सिनेमा में पहले से मौजूद सभी रिकॉर्ड तोड़ दे।हाल ही में, निर्देशक तम्मारेड्डी ने प्रोजेक्ट के की तारीफ की, जिस तरह से यह नाग अश्विन के निर्देशन में बन रहा है।

उन्हें लगता है कि मजबूत स्टारकास्ट, प्रभास का स्टारडम और एक अच्छी कहानी इसे काफी आगे तक लेकर जाएगी। तम्मारेड्डी का दावा है कि फिल्म पहले दिन 500 या 600 करोड़ का आंकड़ा छू लेगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, तम्मारेड्डी ने कहा, प्रोजेक्ट के, नागा अश्विन की फिल्म में प्रभास, अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में कमल हासन भी इसका हिस्सा बने। अगर वो फिल्म को ठीक से पेश कर सकें, तो वर्ल्ड वाइड बॉक्स ऑफिस पर इसके टॉप लिस्ट में जाने की संभावना है। क्योंकि मैं सेट पर गया हूं और जिस तरह से नाग अश्विन की फिल्म बनाई जा रही है, उसे देखने के बाद यह कह रहा हूं।

निर्देशक, जिन्होंने ऑस्कर अभियान के लिए कथित तौर पर 80 करोड़ रुपये खर्च करने के लिए आरआरआर के निर्माताओं की आलोचना की थी। उन्होंने आगे कहा, 'मुझे विश्वास है कि अगर वे फिल्म को सही ढंग से रिलीज करते हैं, तो यह एक पैन इंडिया फिल्म होगी जो दुनियाभर में रिकॉर्ड तोड़ देगी। बता दें कि आदिपुरुष की असफलता के बाद, फिल्म के सभी कलाकार अपने अगले प्रोजेक्ट में बिजी हो गए हैं। जिसमें से प्रभास का भी नाम शामिल है। एक्टर के पास अपकमिंग फिल्मों की लंबी फेहरिस्त है।



# ब्लाइंड का पहला टीज़र रिलीज़

बालीवुड फिल्म के निर्देशक सोम मखीजा की फिल्म ब्लाइंड का पहला टीज़र रिलीज़ हो गया है। यह फिल्म सोनम और पूरब कोहली, जो जाहिर तौर पर फीचर में मुख्य प्रतिद्वंद्वी की भूमिका निभाते हैं, के पात्रों के बीच एक दिलचस्प बिल्ली और चूहे की दौड़ का वादा करती है। सोनम कपूर की मुख्य भूमिका और पूरब कोहली की महत्वपूर्ण भूमिका वाली लघु प्रोमो वीडियो में, हम सोनम को स्कॉटलैंड में कई लापता महिलाओं के मामले में न्याय दिलाने की कसम खाते हुए देखते हैं क्योंकि पूरब का चरित्र उसे अपनी गली में रहने की चेतावनी देता है। सोनम कपूर ने अपने पहले बच्चे वायु के गर्भवती होने से पहले ब्लाइंड की शूटिंग की थी। ब्लाइंड अगले महीने रिलीज हो रही है, जिसे मेरे गर्भवती होने से ठीक पहले शूट किया गया था। इसलिए आगे देखने के लिए बहुत कुछ है। सोनम कपूर को आखिरी बार विक्रमादित्य मोटवाने की फिल्म एके बनाम एके में एक विस्तारित कैमियो भूमिका में देखा गया था।

# 'सत्यप्रेम की कथा' ने जीता दर्शकों का दिल

बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्म ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई है, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। 'सत्यप्रेम की कथा' में कियारा ने कथा की भूमिका निभाई है। फिल्म में अभिनेत्री के अभिनय को जमकर सराहा जा रहा है। इन सब के बीच अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने भी अपनी पत्नी पर प्यार लुटाया है और फिल्म में उनके अभिनय की तारीफ़ की है।

गुरुवार को, सिद्धार्थ ने सोशल मीडिया हैंडल पर एक स्टोरी शेयर की थी। इस स्टोरी में उन्होंने कियारा की तस्वीर के साथ साझा की और उनकी जमकर तारीफ की। अभिनेता ने लिखा, 'एक प्रासंगिक सामाजिक संदेश वाली एक प्रेम कहानी, जो पूरी कास्ट के शानदार प्रदर्शन से भरपूर है, लेकिन कथा तुम्हारे पास मेरा दिल है। @kiaraaliaadvani बहुत ख़ुशी है कि आपने यह किरदार निभाने के लिए चुना। इतना प्रभावशाली और सूक्ष्म प्रदर्शन, आपको और पूरी टीम को धन्यवाद।' सिद्धार्थ की स्टोरी को कियारा ने शेयर करते हुए उन्हें सुर्खिया कहा।




# फिल्म गदर 2 को लेकर सुर्खियां में अमीषा



बालीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल अपनी अपकमिंग फिल्म गदर 2 को लेकर सुर्खियां में हैं। फिल्म में एक्ट्रेस एक बार फिर को-स्टार सनी देओल संग जोड़ी बनाती नजर आएंगी। ऐसे में गदर 2 को देखने के लिए लोग काफी एक्साइटड हैं। इसी बीच लीड एक्ट्रेस अमीषा मुंबई की माहिम दरगाह में फिल्म के लिए आशीर्वाद लेने पहुंची, जहां से उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। बता दें कि फिल्म स्टार्स ने गदर 2 का प्रमोशन भी शुरु कर दिया है।

# फिल्म पुष्पा 2 की शूटिंग की शुरू

अल्लू अर्जुन स्टारर अपकमिंग फिल्म पुष्पाः द रूल की शूटिंग रश्मिका मंदाना ने शुरू कर दी है। फिल्म सेट से उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की और कैप्शन दियाः हैशटैग नाइटशूट। वह पुष्पा 2 में भी श्रीवल्ली की भूमिका निभाएंगी। फिल्म का निर्देशन संदीप रेडी वांगा ने किया है वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका रेनबो और वीएनआर ट्रायो में भी नजर आएंगी।रश्मिका ने अपनी अपकमिंग फिल्म एनिमल की शूटिंग पूरी कर ली है, जिसमें रणबीर कपूर हैं।





# 3 लाख रुपए फीस चार्ज करती है टीवी की अनुपमा

टीवी धारावाहिक 'अनुपमा' में मशहूर एक्ट्रेस रूपाली गांगुली का किरदार तो अब लोगों का फेवरेट बन चुका है। अपने इस किरदार की वजह से आज 46 साल की इस एक्ट्रेस पर लोग दिल खोलकर प्यार लुटाते हैं। तो चलिए आज जानते हैं अनुपमा यानी रुपाली की नेट वर्थ कितनी है। अनुपमा बनकर लोगों के दिलों पर राज कर रही रुपाली गांगुली असल जिंदगी में भी काफी डाउन टू अर्थ हैं। उनके नेचर की वजह से ही फैंस उनसे इतना कनेक्ट कर पाते हैं। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, रूपाली गांगुली 'अनुपमा सीरीयल' के एक एपिसोड के लिए 3 लाख रुपये फीस चार्ज करती हैं। वहीं एक्ट्रेस की कुल संपत्ति 2023 तक 20 करोड़ है।

टैलेंट और पॉपुलैरिटी के चलते एक्ट्रेस की नेटवर्थ हर साल बढ़ती जा रही है।टीवी सीरियल एक्ट्रेस की कमाई का मुख्य जरिया है। इसके अलावा वह ब्रांड एंडोर्समेंट, गेस्ट अपीयरेंस और दूसरे प्रोजेक्ट्स के लिए भी काम करके अच्छा पैसा कमाती हैं। शायद ही कोई जानता हों कि एक्ट्रेस एक्टिंग के अलावा एडवर्टाइजमेंट बिजनेस से भी जुड़ी हुई हैं हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक रूपाली एक एड एजेंसी भी चला रही हैं। साल 2000 में अपने पिता अनिल गांगुली के साथ मिलकर उन्होंने इसकी शुरुआत की थी।बात अगर रूपाली गांगुली के घर की करें तो मुंबई में उनका आलीशान घर है। उनके आशियाने में तीन बड़े बेडरूम हैं और एक लग्जरी ड्रॉइंग रूम शामिल है।

रूपाली का घर कई सुविधाओं से लैस है। टीवी की अनुपमा लग्जरी कारों की भी बहुत शौकीन हैं और उनके पास शानदार कार कलेक्शन हैं। उनकी गाड़ियों की लिस्ट में महिंद्रा थार और एक मर्सिडीज शामिल हैं।रूपाली ने 2021 में महिंद्रा थार और 2023 में मर्सिडीज खरीदी थी। अपने सीरियल अनुपमा में रुपाली एक ऐसी महिला का किरदार निभा रही हैं, जो पढ़ी-लिखी नहीं है और अपने घर का पूरा ख्याल रखती है। अनुपमा के किरदार से एक्ट्रेस को नई पहचान मिली है। बता दें कि टीवी की मशहूर एक्ट्रेस रूपाली गांगुली आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। अपनी दमदार एक्टिंग की वजह से आज एक्ट्रेस लाखों दिलों पर राज कर रही हैं।